उज्जैन
बुधवार
20
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-196
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



पंजाबी सिंगर की हत्या, लाश नहर में मिली कनाडा से आया कातिल, लुधियाना से गनपॉइंट पर किडनैप किया, गोली मारी

पेज- 8

# आज देशभर में 15 लाख दवाई की दुकानें बंद

## ऑनलाइन बिक्री और बड़ी कंपनियों से कॉम्पिटीशन का विरोध, इमरजेंसी दवाओं की सप्लाई नहीं रुकेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के ऐलान के बाद बुधवार को दवाओं की अवैध ऑनलाइन बिक्री और बड़ी कंपनियों के कॉम्पिटीशन के विरोध में देशभर के 15 लाख से ज्यादा मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे।

एआईओसीडी के अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन दवा सप्लाई के लिए जो छूट दी गई थी, उसका अब गलत इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए इस छूट को वापस लेने की मांग की जा रही है। हालांकि, बंद के दौरान भी अस्पतालों से जुड़े मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। इमरजेंसी दवाओं की सप्लाई में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी।




### दवा दुकानदारों की 4 मांगें

- बिना नियमों के चल रही ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से मोहल्ले की छोटी दुकानों को नुकसान हो रहा है और लोगों की सेहत के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। इसे रोका जाए।
- इस पूरे विवाद से जुड़े सरकार के दो नियम जीएसआर 220(ए) और जीएसआर 817(ए) हैं। संगठन के मुताबिक इन नियमों की कमियों का फायदा उठाकर ही ऑनलाइन दवा कंपनियां ऐसा कर रही हैं। इसे वापस लिया जाए।
- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 'गलत या नकली पर्चियों' का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए ई-फामेर्सी के लिए नए सख्त नियम बनाए जाएं।
- लोकल दुकानदार ऑनलाइन कंपनियों के 20% से 50% तक के डिस्काउंट का मुकाबला नहीं कर सकते।

### उज्जैन में आज मेडिकल बंद, 1000 दुकानें नहीं खुलेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन सहित देशभर में आज बुधवार को मेडिकल संचालक 24 घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। अखिल भारतीय केमिस्ट संघ (एआईओसीडी) के आह्वान पर जिले के 1000 से अधिक मेडिकल संचालकों ने अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। फ्रीगंज से कलेक्टर कार्यालय तक रैली दोपहर में जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (यूडीसीडीए) के सदस्य फ्रीगंज स्थित दवा बाजार से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे और ज्ञापन सौंपेंगे। ई-फामेर्सी और डीप डिस्काउंटिंग का विरोध केमिस्टों का कहना है कि अवैध ई-फामेर्सी और कॉर्पोरेट घरानों की भारी छूट से छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में है। एसोसिएशन का आरोप है कि बिना सत्यापन ऑनलाइन दवा बिक्री से नकली दवाओं और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस का खतरा बढ़ रहा है। एसोसिएशन का आरोप है कि देशभर में 12.40 लाख केमिस्ट और उनसे जुड़े करीब 5 करोड़ लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना भौतिक सत्यापन के दवाएं बेच रहे हैं। एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी और सचिव मनोज दुग्गड़ ने कहा कि यदि 20 मई तक सरकार ने ठोस निर्णय नहीं लिया तो देशभर में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### सरकार का दावा- 12 प्रदेशों के दुकानदार बंद में शामिल नहीं

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि हड़ताल से दवाओं की किल्लत नहीं होगी। पश्चिम बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश समेत कम से कम 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दवा दुकानदार संगठनों ने इस बंद से खुद को अलग कर लिया है और दुकानें खुली रखने का फैसला किया है। देश के मुख्य ड्रग रेगुलेटर ने मामले में बातचीत शुरू कर दी है। हाल ही में एआईओसीडी के प्रतिनिधियों ने ड्रग रेगुलेटर से मुलाकात की थी, जहां उन्हें भरोसा दिया गया कि उनके उठाए गए मुद्दों की जांच की जा रही है और इस सेक्टर के नियमों की समीक्षा चल रही है।

## नीट-यूजी पेपर लीक अब परीक्षा व्यवस्था की हर खामी खत्म होगी



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार अब पूरी तरह सख्त मोड में दिखाई दे रही है। परीक्षा रद्द होने और करोड़ों छात्रों के भविष्य पर उठे सवालों के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मंगलवार को 21 जून को होने वाली री-नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया में मौजूद हर कमी और हर खामी को पूरी तरह खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार परीक्षा किसी भी हालत में सुरक्षित, पारदर्शी और पूरी तरह फुलप्रूफ तरीके से कराई जानी चाहिए ताकि छात्रों का भरोसा दोबारा बहाल किया जा सके।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन 25वीं बार चीन पहुंचे, राष्ट्रपति जिनपिंग से मिलेंगे

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार रात दो दिन के दौरे पर चीन पहुंचे। बीजिंग एयरपोर्ट पर चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने उनका स्वागत किया। पुतिन इस दौरे में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। उनका यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी बीजिंग दौरे पर गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच रूस-चीन के रिश्तों, व्यापार, रणनीतिक सहयोग और दुनिया के मौजूदा हालात पर चर्चा होगी। पुतिन चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मिल सकते हैं। चीन पहुंचने से पहले जारी वीडियो संदेश में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के रिश्ते अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुके हैं।

## मेलोनी से मिले मोदी पीएम बोलीं-वेलकम टु रोम, माय फ्रेंड

**रोम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को इटली पहुंचे। रोम पहुंचने के बाद उन्हें पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की।



पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि दोनों नेताओं ने साथ में डिनर भी किया। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। इसके बाद मोदी और मेलोनी ने रोम के ऐतिहासिक कोलोसियम का दौरा भी किया। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने सोशल मीडिया पर मोदी के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, वेलकम टु रोम, माय फ्रेंड। पीएम मोदी ने कहा कि आज होने वाली औपचारिक बातचीत में भारत-इटली दोस्ती को और मजबूत करने पर चर्चा जारी रहेगी।

## सीबीआई ने आर्मी के कर्नल को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 50 लाख रुपए के रिश्वत मामले में सेना के एक कर्नल को गिरफ्तार किया है। अधिकारी कोलकाता में ईस्टर्न कमांड के तहत आर्मी ऑर्डनेंस कॉर्प्स में तैनात था। सीबीआई के मुताबिक, कर्नल पर कानपुर की एक कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी करने का आरोप है। एजेंसी का दावा है कि अधिकारी ने टेंडर दिलाने, घटिया सैंपल मंजूर करने और लंबित व बढ़े हुए बिल पास कराने में मदद की। जांच एजेंसी के एफआईआर के मुताबिक, कर्नल ने कारोबारी से लंबित रिश्वत रकम मांगी थी। कारोबारी ने नकदी की कमी की बात कही। इसके बाद अधिकारी ने कारोबारी के ड्राइवर को फोन कर रकम अपने एक परिचित तक पहुंचाने को कहा। 50 लाख रुपए की रिश्वत हवाला के जरिए पहुंचाई जानी थी।

## सड़क नेटवर्क को भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग ने पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सडक नेटवर्क को अधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सड़क श्रेणियों के पुनर्गठन तथा रोड नेटवर्क रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिससे सड़क निर्माण और रखरखाव की प्राथमिकताएँ अधिक स्पष्ट हुई हैं। विभाग द्वारा लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप विकसित किया गया है।

यह ऐप आधारित तकनीक पर कार्य करता है और इसके माध्यम से प्रदेश में 71 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों, लगभग 3 हजार भवनों तथा 1400 से अधिक पुलों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जा चुका है। इस सर्वेक्षण से विभाग को अधोसंरचना की वास्तविक स्थिति का डिजिटल डेटा प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर योजनाएं अधिक सटीक और व्यावहारिक तरीके से तैयार की जा रही हैं। लोक निर्माण विभाग ने समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार किया है। मास्टर प्लान के अंतर्गत शहरों के लिए बायपास मार्ग, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए बेहतर सडक संपर्क, जिला मुख्यालयों के बीच तेज कनेक्टिविटी तथा यातायात दबाव कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रा दूरी और समय कम करने के उद्देश्य से 6 नए ग्रीनफील्ड सड़क मार्गों की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों को नई गति मिलने की संभावना है।

# यूपी के बांदा में तापमान 48.2 डिग्री

## एमपी-राजस्थान समेत 6 राज्यों के 22 शहरों में पारा 45 डिग्री से ज्यादा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के 22 शहरों में मंगलवार को पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक पूरे मई में टढ के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री से ज्यादा रहेगा।

यूपी का बांदा लगातार तीसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा, यहां तापमान 48.2 डिग्री था। यहां बीते दो पारा 46 डिग्रीतक पहुंचा था। बांदा में 15 मई 2022 को तापमान 49 डिग्री रहा था। यह यहां के इतिहास में सबसे ज्यादा था। पूरे यूपी की बात करें तो 22 जिलों में पारा 40 डिग्री रहा है।



दिल्ली में अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री रहा, जो 2 साल में सबसे अधिक था। स्काईमेट के मुताबिक अभी वेस्टर्न डिस्टर्वेंस कमजोर है, कोई वेदर सिस्टम नहीं आ रहा है। शहरों का तापमान 47 डिग्री तक जा सकता है।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात में अगला एक हफ्ता शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य भारत के ऊपर विशाल चक्रवात बना हुआ है। इससे हीटवेव चलेगी।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का बड़ा ऐतिहासिक फैसला

# निजी मंदिरों के प्रबंधन में सरकारी दखल नहीं चलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि सरकार किसी निजी मंदिर के प्रबंधन में मनमाने तरीके से हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अदालत ने कहा कि किसी भी मंदिर पर प्रबंधन योजना लागू करने से पहले यह तय करना अनिवार्य होगा कि संबंधित मंदिर सार्वजनिक है या निजी। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि बिना विधिसम्मत जांच के किसी निजी मंदिर के प्रबंधन में दखल देना कानून के खिलाफ माना जाएगा। इस फैसले को मंदिरों की स्वायत्तता और धार्मिक संस्थाओं के अधिकारों से जुड़े एक बड़े निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

यह फैसला न्यायमूर्ति दीपक खाटे की एकलपीठ ने सिवनी जिले के डूंडा सिवनी गांव स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यदि कोई मंदिर निजी संपत्ति या निजी परिवार द्वारा स्थापित और संचालित है तो सरकार को उसके प्रबंधन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में मंदिर की संपत्ति के रिकॉर्ड में कलेक्टर या सरकारी अधिकारी का नाम प्रबंधक या ट्रस्टी के रूप में दर्ज करने की कोई आवश्यकता नहीं है।



पूरा मामला उस समय सामने आया जब मंदिर के सर्वराहकार सुमरन ने लोक न्यास रजिस्ट्रार द्वारा गठित पांच सदस्यीय समिति को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि उनका परिवार पिछले चार पीढ़ियों से मंदिर की देखरेख कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1913 में स्वर्गीय भवानी पटेल ने इस शिव मंदिर का निर्माण कराया था और मंदिर के रखरखाव, पूजा-अर्चना तथा पुजारी की व्यवस्था के लिए लगभग 14 एकड़ जमीन दान के रूप में छोड़ी गई थी। बाद में वर्ष 1962-63 में राजस्व अभिलेखों में सुमरन का नाम सर्वराहकार के रूप में दर्ज किया गया।

याचिका में कहा गया कि गांव के कुछ लोगों की शिकायत के बाद लोक न्यास रजिस्ट्रार ने मंदिर प्रबंधन के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित कर दी।

## बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाया गया। मृतक की पहचान 35 साल के नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बॉडी मिली। वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डॉर्मिटरी में रहते थे। अभी तक मृत सुरक्षाकर्मी की कोई सामने नहीं आई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी नजरुल इस्लाम ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिलने के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी।

## खबर एक नजर...

### महाकालेश्वर सभा मंडप में महिलाकर्मी को स्ट्रीट डॉग ने काटा

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को स्ट्रीट डॉग (कुत्ता) सभा मंडप तक पहुंच गया और महिलाकर्मी को काट लिया। महिलाकर्मी का मंदिर परिसर के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रेबिज वैक्सीन के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। महाकालेश्वर मंदिर में निजी सुरक्षा कंपनी में लक्ष्मी संगत कर्मचारी है। सभामंडप में काम के दौरान अचानक वहां आये कुत्ते ने काट लिया। महिलाकर्मी को मंदिर परिसर के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद चरक अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि पिछले 15 दिनों में मंदिर परिसर में पांचवी घटना स्ट्रीट डॉग के काटने के सामने आ चुके है। सभामंडप तक कुत्ते के पहुंचने का पहला मामला सामने आया है जबकि पूर्व में मंदिर परिसर में पहले कई बार स्ट्रीट डॉग श्रद्धालुओं को अपना शिकार बना चुके है। मंदिर परिसर में इतनी सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी स्ट्रीट डॉग अंदर तक पहुंच जाते है। पूर्व में श्रद्धालुओं के साथ हुई घटना के बाद नगर निगम की गैंग ने मंदिर परिसर में घूमने वाले कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया था। मंदिर ही नहीं पूरे शहर में स्ट्रीट डॉग प्रतिदिन 4 से 5 लोगों को अपना शिकार बना रहे है। लेकिन इनकी वजह से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिये ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### शेषनारायण मंदिर में एक माह तक चलेगी भागवत कथा

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी अवंतिका में क्षीर सागर स्थित शेषनारायण मंदिर प्रांगण में 17 मई से भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। अधिक मास के इस पवित्र अवसर पर 15 जून तक चलने वाले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु प्रतिदिन प्रसिद्ध कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के श्रीमुख से कथा का श्रवण कर रहे हैं। एक माह तक चलने वाली इस कथा में अधिक मास के दौरान भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन एवं उनकी लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा के प्रारंभ में पंडित शुक्ला द्वारा श्रद्धालुओं को अधिक मास के विशेष महत्व से अवगत कराया गया। इसके साथ ही उन्होंने तीर्थ नगरी अवंतिका में स्थित नौ नारायण, 84 महादेव एवं सप्त सागर की कथाओं का वर्णन करते हुए उनका पौराणिक महत्व भी समझाया। पंडित शुक्ला ने बताया कि सनातन धर्म की दिव्य परंपराओं में पुरुषोत्तम मास का विशेष और अद्वितीय महत्व है। यह मास केवल एक अतिरिक्त कालखंड नहीं, बल्कि भगवान श्रीहरि विष्णु की अनंत कृपा का प्रतीक है। जब समय के गणना चक्र में असंतुलन उत्पन्न होता है, तब यह पवित्र मास प्रकट होकर धर्म और साधना के मार्ग को सुदृढ़ करता है।

### 45 डिग्री की चिलचिलाती धूप में भी नहीं डिगी आस्था

**उज्जैन।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता रमित जी की असीम कृपा से मेघनगर के रंभापुर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 17 मई को जोनल स्तरीय संत निरंकारी बाल समागम का भव्य आयोजन किया गया। 45 डिग्री के भीषण तापमान और गर्म हवाओं के थपेड़ों के बावजूद बच्चों के कदम नहीं डिगे और उन्होंने इस रूहानी समागम का भरपूर आनंद लिया। उज्जैन से मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि समागम के दौरान रतलाम से आए जोनल इंचार्ज राजकुमार गंगवानी ने 'बच्चे मन के सच्चे हैं, सारी जग की आंख के तारे' गीत प्रस्तुत कर बाल महात्माओं का आत्मीय स्वागत किया। वहीं, उज्जैन ब्रांच के मुखी त्रिलोक बेलानी ने उपस्थित बच्चों और पूरे जोन को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में कानपुर से पधारे महात्मा घनश्याम जी ने मंच संचालन (स्टेज सेवा) का दायित्व निभाया और बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें समझाकर अपना आशीर्वाद दिया। जोन 25 के अंतर्गत आयोजित इस बाल समागम में नीमच, मंदसौर, पेटलावद, जमवा, रतलाम, उज्जैन, देवास, मनासा और खड़ावदा ब्रांच से बड़ी संख्या में बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ सहभागिता की। तपती दोपहर में भी बच्चों के चेहरों पर छाई रूहानी मुस्कान और मस्ती ने पूरे समागम को सफल और खुशनुमा बना दिया।

### उज्जैन में महाकाल मंदिर के पास पार्किंग में उपयोग हो रही जमीन को लेकर विवाद सामने आया

# लोकायुक्त-ईओडब्ल्यू और हाईकोर्ट तक पहुंची शिकायत

## भाजपा विधायक बोले-बदनाम करना चाहते हैं पार्टी के नेता, कुछ लोगों की इसमें भूमिका

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में महाकाल मंदिर के पास पार्किंग में उपयोग हो रही जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। आरोप है कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज जमीन को निजी दिखाकर उसका सौदा किया गया। जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाने की तैयारी बताई जा रही है। मामले की शिकायत लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू और हाईकोर्ट तक पहुंची है।

मामला करीब 45 हजार वर्गफीट जमीन से जुड़ा है। यह जमीन 2 मार्च 2026 को यूटोपिया बोटल एंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने 3.82 करोड़ रुपए में खरीदी। कंपनी के डायरेक्टर और साझेदारों में आलोट के भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय और इकबाल सिंह गांधी शामिल बताए जा रहे हैं।

शिकायत के अनुसार सौदे में शामिल खसरों की कुछ जमीन वर्तमान में महाकाल मंदिर पार्किंग के रूप में उपयोग हो रही है। आरोप है कि यह भूमि पहले सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज थी, बाद में इसे निजी खातों में दर्ज कर दिया गया। उज्जैन निवासी कांग्रेस पार्षद राजेंद्र कुवाल ने मुख्य सचिव, लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू से लिखित शिकायत की है। इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका दायर कर जांच की मांग भी की गई है।







### राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी भूमि दर्ज होने का दावा

शिकायत में कहा गया है कि खसरा नंबर 3664/1 और 3666/1 वर्ष 1950 और 1967-68 के राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज थे। आरोप है कि बाद में मिलीभगत कर इन्हें निजी भूमि में बदल दिया गया।

**स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री में गड़बड़ी का आरोप-** शिकायत में आरोप है कि जमीन को कृषि भूमि बताकर रजिस्ट्री की गई, जबकि इसका उपयोग कमर्शियल है। कलेक्टर गाइडलाइन में कीमत 75,400 रुपए प्रति वर्गमीटर है, लेकिन रजिस्ट्री में 22,500 रुपए प्रति वर्गमीटर दिखाई गई।

### सरकार को 3.40 करोड़ नुकसान का दावा

दस्तावेजों के आधार पर शिकायत में कहा गया है कि 4180 वर्गमीटर जमीन की वास्तविक कीमत 31.51 करोड़ रुपए है। इसके अनुसार करीब 2.99 करोड़ रुपए स्टांप शुल्क और 94.55 लाख रुपए पंजीयन शुल्क बनता था। लेकिन केवल 40.36 लाख रुपए स्टांप शुल्क और 12.90 लाख रुपए पंजीयन शुल्क जमा कराया गया। शिकायत में कहा गया है कि जमीन पर पहले से मैरिज गार्डन और अन्य निर्माण मौजूद थे, लेकिन इन्हें छिपाकर केवल टिन शेड दशार्या गया, जिससे टैक्स कम लगा।

### नगर निगम की पार्किंग बताई गई जमीन

महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि हरि फाटक और कल्प क्षेत्र की पार्किंग नगर निगम के अधीन है। जमीन के उपयोग की विस्तृत जानकारी नगर निगम से ली जा सकती है।

### मंदिर की जमीन भाजपा विधायक को बेची : सिंघार

कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने कहा कि उज्जैन में महाकाल मंदिर की पार्किंग वाली जमीन भाजपा विधायक की कंपनी को बेच दी गई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने महाकाल मंदिर के पास एक जमीन सौदे को लेकर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद एक विवाद खड़ा हो गया है। सिंघार ने दावा किया है कि पार्किंग के लिए इस्तेमाल की जा रही सरकारी जमीन को एक ऐसी कंपनी को बेच दिया गया, जिसका संबंध भाजपा के एक विधायक से है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस जमीन को मूल रूप से सरकारी संपत्ति के तौर पर तय किया गया था, उसे पहले निजी बनाया गया और फिर यूटोपिया होटल एंड रिजॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया गया। इस कंपनी के डायरेक्टरों में आलोट से भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय भी शामिल हैं। सिंघार ने सवाल उठाया कि क्या महाकाल लोक प्रोजेक्ट अब एक ऐसा जरिया बनकर रह गया है, जिससे रियल एस्टेट सौदों को बढ़ावा मिले और भाजपा नेताओं तथा मप्र में सत्ताधारी भाजपा सरकार के करीबियों को फायदा हो।

### सैकड़ों रजिस्ट्रियां हैं, जिनमें अनियमितता हुई

भाजपा नेताओं पर ही आरोप लगाने के बाद जब चिंतामणि मालवीय से पूछा गया कि कौन लोग हैं, जो उन्हें परेशान करना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा कि यह सभी को पता है कि कौन यह कर रहा है। ऐसी सैकड़ों रजिस्ट्रियां हैं, जिनमें अनियमितताएं हुई हैं। ऐसे सैकड़ों काम उज्जैन में हो रहे हैं।

### विधायक बोले-दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री

भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय ने कहा कि रजिस्ट्री दस्तावेजों के आधार पर हुई है। सभी स्टांप व पंजीयन शुल्क नियम अनुसार जमा किए गए हैं। उन्होंने आरोपों को पूरी तरह झूठा और द्वेषपूर्ण बताया। अब पुलिस और प्रशासन स्तर पर मामले की जांच की संभावना जताई जा रही है।

### दावा- 500 करोड़ की जमीन संस्था को एक रुपए में दी

विधायक ने यह भी दावा किया कि पार्टी के लोग ही षड्यंत्र कर रहे हैं। यह पूरी तरह फेब्रिकेटेड आरोप हैं। अभी तो मैं संतुलित हूं। किस तरह कोठी पैलेस की 500 करोड़ की संपत्ति एक संस्था को एक रुपए में दी गई। कैसे बांगर, बाल भवन और विक्रम कीर्ति मंदिर की 500 करोड़ की जमीन एक संस्था को एक रुपए में दी जा सकती है।

### महाकाल मंदिर के नंदी हॉल का स्वरूप बदलेगा

# सावन माह से पहले होगा सौंदर्यीकरण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के नंदी हॉल का जल्द ही नया स्वरूप देखने को मिलेगा। मंदिर प्रशासन और उज्जैन विकास प्राधिकरण की मदद से करीब 20 लाख रुपए की लागत से नंदी हॉल का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। माना जा रहा है कि सावन माह से पहले यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि नंदी हॉल के रिनोवेशन के लिए एजेंसी तय कर दी गई है और जल्द काम शुरू होगा। योजना के तहत नंदी हॉल के दोनों पिलरों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा डक्ट, कैमरे, इलेक्ट्रिक वायरिंग और पाइपलाइन को कंसील कर व्यवस्थित रूप दिया जाएगा।

नंदी हॉल में लगे मार्बल की विशेष सफाई करवाई जाएगी और पेंटिंग के जरिए उसके पुराने वैभव को बरकरार रखा जाएगा। प्रशासन का कहना है कि



नंदी हॉल को मॉर्डन लुक देने के साथ उसकी आध्यात्मिक पहचान भी कायम रखी जाएगी। आने वाले समय में नंदी हॉल में फ्लोरिंग बदलने का काम भी किया जाएगा। वहीं नंदी की प्रतिमा के सामने दोनों ओर चांदी से जड़ित आकृतियां और मूर्तियां दीवारों पर स्थापित की जाएंगी। इससे पूरा नंदी हॉल चांदी की चमक से दमकता नजर आएगा। इसके साथ ही नंदी हॉल में एकॉस्टिक ट्रीटमेंट भी किया जाएगा, ताकि आरती, मंत्रोच्चार और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की आवाजों में इको की समस्या खत्म हो सके और श्रद्धालुओं को बेहतर आध्यात्मिक अनुभव मिल सके।

# गुजरात ट्रेन का इंतजार करते मिली लापता बालिका

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

घर से लापता हुई बालिका को 5 घंटे में गुजरात ट्रेन का इंतजार करते समय पुलिस ने खोज निकाला। बालिका ने पहले अपना नाम गलत बताया, उसके चेहरे पर बंधा नकाब खुलवाने पर बालिका का चेहरा सामने आ गया। जिसे परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि सोमवार को कस्बे में रहने वाली 16 साल की बालिका घर से दोपहर के समय लापता हो गई थी। पुष्कर मीणा और निर्मलाबाई थाने आकर बताया कि उनकी 16 साल की भतीजी नाराज होकर घर से बिना बताये कहीं चली गई है। आसपास सभी जगह तलाश किया गया, लेकिन नहीं मिली। थाना प्रभारी ने मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर गंभीरता से तलाश शुरू की और रेलवे-बस स्टेंड पर तलाश शुरू कर रतलाम, खाचरौद पुलिस को बालिका का फोटो और नाम पता शेयर किया। पांच घंटे बाद रतलाम रेलवे पुलिस की एसआई श्रद्धा ठाकुर ने बड़नगर थाना पुलिस को बताया कि उक्त हुलिये और नाम की बालिका रतलाम रेलवे स्टेशन पर अकेली मिली है। प्रारंभिक पूछताछ में वह अपना नाम गलत बता रही थी लेकिन उसके चेहरे पर बंधा नकाब खुलवाने पर उक्त लापता बालिका होना सामने आई है। बड़नगर थाना प्रभारी ने तलाश कर रही टीम में शामिल एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर को रतलाम रवाना किया और बालिका को दस्तयाब किया। बालिका रतलाम रेलवे स्टेशन पर गुजरात अहमदाबाद ट्रेन का इंतजार कर रही थी। पूछताछ में सामने आया कि दादी और माता-पिता द्वारा घर का काम करने का बोलने पर नाराज होकर उसने घर छोड़ा था। बालिका के सकुशल और चंद घंटो में मिलने पर बडे पापा-मम्मी के सुपुर्द किया गया है।

# गंदे पानी और कम दबाव की आपूर्ति से लोग सड़कों पर उतरे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में गर्मी बढ़ने के साथ जल संकट गहराता जा रहा है। मंगलवार सुबह तैयब पूरा और बोहरा बाखल क्षेत्र के रहवासियों ने गंदे पानी और कम दबाव से हो रही जल आपूर्ति के विरोध में प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर निगम और पीएचई विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारी अपने घरों से बाल्टियों में गंदा पानी और खाली बर्तन लेकर सड़क पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा है।

कम दबाव और गंदे पानी की आपूर्ति का आरोप स्थानीय रहवासी अकबर अली ने बताया कि पानी का दबाव इतना कम है कि घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। हाकिम्मुद्दीन ने कहा कि वार्ड 14 में गंदा पानी आ रहा है और आपूर्ति का समय भी बहुत कम है, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

कांग्रेस ने नगर निगम पर लगाए आरोप नेता प्रतिपक्ष रवि राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों और कार्यकताओं ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर की जल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

पानी आपूर्ति के आंकड़ों पर विवाद कांग्रेस का कहना है कि शहर की लगभग 7 लाख आबादी के लिए प्रतिदिन 2250 एमएलडी पानी की आवश्यकता है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है। उनका दावा है कि प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी देने का दावा किया जाता है, जबकि कई क्षेत्रों में पानी की भारी कमी है।

निगम कमिश्नर बोले- जल आपूर्ति की जा रही नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि गंभीर डैम में पर्याप्त पानी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि शहर में निर्धारित समय के अनुसार जल आपूर्ति की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर नर्मदा से भी पानी लिया जा सकता है।

उज्जैन
बुधवार
20
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

हर्तृ र्न गोचरं याति दत्ता भवति विस्तृता।
कल्पान्तेऽपि न या नश्येत् किमन्यद्विद्यया विना।।

**अर्थः** जो चोरों को दिखाई नहीं देता, जो देने से विस्तारित होता है, जो प्रलय के समय भी नष्ट नहीं होता है, ज्ञान के अलावा और क्या पदार्थ हो सकता है?

## खबर एक नजर...

### बेलमोर्ट पार्क ऑफिस में आग, दस्तावेज समेत ऑफिस का पूरा सामान जला

**इंदौर।** लसूडिया क्षेत्र में बेलमोर्ट पार्क के ऑफिस में बुधवार सुबह आगजनी की घटना हो गई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ऑफिस में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के एएसआई सुशील कुमार दुबे ने बताया कि आग बेलमोर्ट पार्क के मेंटेनेंस ऑफिस में लगी थी, जहां टाउनशिप बिल्डर का भी कार्यालय है। सुबह करीब 5 बजे गार्ड ने धुआं निकलते देखा था। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर नियंत्रण किया। आग में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जलकर नष्ट हो गए हैं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। खंडवा रोड पर सब्जी दुकान में आग इधर, खंडवा रोड स्थित अनुराधा नगर में भी अलसुबह एक सब्जी की दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के अनुसार बबली पति प्रीतम सिंह की दुकान में यह आग लगी थी। मौके पर करीब 1000 लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। शुरूआती जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### बच्चों के विवाद में भिड़ गए पड़ोसी, अशरफी नगर में देसी कट्टे से चलाई गोली

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में सोमवार रात को बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। इसके बाद विवाद बढ़ गया और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी, गोली एक युवक के पैर में लगी और वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इधर, पुलिस ने गोली चलाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि घटना खजराना थाना क्षेत्र के अशरफी नगर की है। यहां पर पड़ोसियों के बच्चों में विवाद हो गया था, जिसके बाद विवाद बड़ों में भी हो गया। इस विवाद में इरशाद नामक एक युवक ने देसी कट्टे से फायर कर दिया, गोली वसीम के पैर में जा लगी थी। इस मामले में वसीम की शिकायत पर पुलिस इरशाद और साहिल को गिरफ्तार कर लिया है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इरशाद ने वारदात में जिस देसी कट्टे का इस्तेमाल किया वह अवैध था। उससे जानकारी निकाली जा ही है कि वह ये देसी कट्टा कहां से लेकर आया था और कट्टे को अपने पास किस वजह से रखा था। आरोपी के बारे में जानकारी मिली है कि इस पर मारपीट और लड़ाई झगड़े के कुछ मामले पहले के है। इधर, घायल के पैर में गोली लगी है, उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है, फिलहाल उसकी हालत ठीक है।

### तेजाजी नगर में सड़क हादसा, दो कारें भिड़ीं, एक की मौत; तीन घायल

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसा एबी रोड बायपास स्थित तेजाजी नगर ब्रिज के पास हुआ, जहां दो कारें आपस में टकरा गईं। पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 1 बजे की है। सूचना मिलते ही तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। एसआई अविनाश नागर ने बताया कि एक कार में प्रथम चौधरी (22) निवासी रंगवासा, कृष्णा (30) निवासी सांवेर और चेतन चौधरी (35) निवासी सांवेर सवार थे। वहीं दूसरी कार में युवराज (29) निवासी सांवेर मौजूद था। इलाज के दौरान प्रथम चौधरी की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है।

### आग के बीच फूटते रहे पटाखे, इधर-उधर उड़ते रहे रॉकेट, जिम तक पहुंचीं लपटें

# पटाखा दुकान में लगी आग, 7 वाहन जले

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

नायता मुंडला के समीप एक पटाखा दुकान (गोडाउन) में मंगलवार शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर खड़ी एक कार भी आग की चपेट में आने से जल गई, वहीं दो पहिया वाहन भी जल गए। कुल 7 वाहन जले हैं। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और वक्त रहते आग पर काबू पा लिया गया।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, घटना नायता मुंडला इलाके में एक पटाखा दुकान में आग लगने की सूचना 5:55 बजे पर मिली थी। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां तत्काल रवाना हुई। जिसके बाद वहां पहुंचकर आग बुझाने की कवायद शुरू की गई।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि यहां बिल्डिंग में नीचे पटाखा दुकान है, जहां



माल भरा हुआ था। दुकान के ऊपर जिम भी है। दुकान में मंगलवार शाम करीब 5.40 बजे आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के समय जिम में 5 से 6 युवक वर्कआउट कर रहे थे। आग और धमाकों के बीच सभी युवक पीछे के रास्ते से बाहर निकलकर सुरक्षित बच गए। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन एक ऑटो, एक कार और पांच दोपहिया वाहन आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गए।

### पटाखे फूटते रहे, काला धुआं उठता रहा

आग की वजह से पटाखे भी फूट रहे थे, रॉकेट भी यहां-वहां जा रहे थे। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, वहीं ये बात सामने आ रही है कि यहां पर रॉकेट चलाकर दिखाया जा रहा था, जो दुकान में चला गया था, जिससे ये घटना हुई।



हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों को घटना स्थल से दूर कर दिया। इधर, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि तीम इमली के पास नेमावर रोड पर जाम लगने के कारण फायर ब्रिगेड भी लेट हो गई थी। खड़ी कार भी जल गई। पास में ही एक आयशर भी खड़ा था, जिसे लोगों और एक दूसरी गाड़ी की मदद से खिंचा और आग से दूर किया गया। बताया जा रहा है कि यहां पर टू व्हीलर भी जले हैं। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आग के कारण काफी धुआं हो गया था, पटाखे भी फूट रहे थे। आग की लपटे ऊपर जिम तक पहुंच गई थी। पास में ही एक अंडे वाले की दुकान है, वह बंद थी, इस वजह से आग अंदर नहीं गई

# हॉस्टल में हंगामे के बाद छात्रों ने मांगी माफी

### वीडियो जारी कर कहा- करियर और भविष्य दांव पर है, हमें एक मौका दे दीजिए

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग संस्थान स्थित रामानुजन हॉस्टल में शराब पार्टी और तोड़फोड़ मामले में प्रशासन की सख्ती के बाद छात्र बैकफुट पर आ गए हैं। संस्थान द्वारा बीटेक फाइनल ईयर के छात्रों का रिजल्ट रोकने, 25-25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाने और प्लेसमेंट कंपनियों को सूचना भेजने की तैयारी की जा रही है। इसी के चलते मंगलवार को हॉस्टल के छात्रों ने सामूहिक वीडियो जारी कर हाथ जोड़कर माफी मांगी।

छात्रों ने कुलपति प्रो. राकेश सिंघई और आईईटी डायरेक्टर प्रो. प्रतोष बंसल से अपील करते हुए कहा कि उनका भविष्य और करियर दांव पर



लगा है। उन्होंने अनुरोध किया कि डिग्री और प्लेसमेंट पर असर पड़ने से उनका भविष्य खराब हो सकता है, इसलिए उन्हें एक मौका दिया जाए।

हालांकि यूनिवर्सिटी प्रशासन फिलहाल सख्त रुख अपनाए हुए है। प्रशासन का कहना है कि सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई छात्रों को करनी होगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई नियमों के तहत की जाएगी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले हॉस्टल में करीब दो घंटे तक छात्रों ने जमकर हंगामा किया था। इस दौरान टेबल-कुर्सियां, वाटर कूलर, पानी की टंकियां और खिड़कियों के कांच तोड़ दिए गए थे। कुछ छात्रों के नशे में होने की बात भी सामने आई थी। मामले में छात्रों के अभिभावकों को इंदौर बुलाकर काउंसिलिंग की जाएगी। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुख्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। आईईटी डायरेक्टर प्रो. प्रतोष बंसल ने कहा कि छात्रों ने वीडियो जारी कर अपनी गलती स्वीकार की है, लेकिन नुकसान की भरपाई उन्हें करनी ही होगी। अंतिम निर्णय कुलपति द्वारा लिया जाएगा।

#### संभावित कार्रवाई

- हंगामे में शामिल छात्रों का परीक्षा परिणाम रोका जा सकता है।
- आरोपी छात्रों पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की तैयारी।
- जिन कंपनियों में छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है, उन्हें घटना की जानकारी भेजी जाएगी।

# बेटी के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मिली मदद

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

मंगलवार को भीषण गर्मी में कलेक्टर की जनसुनवाई में कई लोग अलग-अलग समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए आए। इनमें से कइयों को आर्थिक मदद दी गई जबक कई मामले जांच में हैं। राम नगर निवासी शोभा संतोष घाईतड़क ने बताया कि मेरी बेटी सोनिया (28) का इलाज एमवाय अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चल रहा है। पिछले चार वर्षों से उसका लगातार डायलिसिस हो रहा है। इससे पहले मुंबई के केईएम अस्पताल में भी इलाज चला, लेकिन आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण हर दिन संघर्ष करना पड़ रहा था। परिवार में कोई सहारा नहीं है, इसलिए इलाज से लेकर घर चलाने तक की पूरी जिम्मेदारी अकेले मुझे ही संभालनी पड़ रही है। बेटी की दवाइयों, खाने-पीने, अस्पताल आने-जाने और अन्य खर्चों के लिए मुझे लोगों से मदद मांगनी पड़ी। शुरूआत में मैं किडनी ट्रांसप्लांट के बारे में सोच भी नहीं सकती थी, क्योंकि डायलिसिस का खर्च उठाना ही मुश्किल था। पिछले चार वर्षों में मैंने दुकान-दुकान जाकर लोगों से मदद मांगी और एक-एक रुपया जोड़कर बेटी के इलाज का प्रयास किया।

# 1 करोड़ की एमडी ड्रग्स और हथियार जब्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

### इंदौर में फिल्मी स्टाइल में पकड़े गए ड्रग्स तस्कर, 1 किमी तक पीछा कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर क्राइम ब्रांच ने 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी की। जैसे ही काले रंग की स्कॉर्पियो कार वहां पहुंची, टीम ने पीछा शुरू कर दिया और आरोपियों को रुकने का इशारा किया।

क्राइम ब्रांच को पीछे आता देख बदमाश तेज रफ्तार में भागने लगे। हालांकि पुलिस ने पहले से रणनीति तैयार कर रखी थी। आगे तैनात दूसरी टीम ने रास्ता रोकने का प्रयास किया, जिससे आरोपियों की स्कॉर्पियो



अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों को दबोच लिया। फिलहाल आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटाई जा सकें।

**1 करोड़ 21 लाख 20 हजार रुपए का सामान जब्त-** क्राइम ब्रांच ने झालावाड़ निवासी नवीन सोलंकी (25) और शंकर सिंह (33), उज्जैन निवासी विक्रम सिंह (31) और नरेंद्र सिंह (26) तथा सिलिकॉन सिटी निवासी गोविंद शर्मा (29) को गिरफ्तार किया है। गोविंद मूल रूप से देवास का रहने वाला है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो एमडी ड्रग्स, एक स्कॉर्पियो कार, दो बाइक, एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कुल 1 करोड़ 21 लाख 20 हजार रुपए का माल जब्त किया है।

**आरोपी इंदौर में ही ड्रग्स सप्लाई करने आए थे-** डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों की जानकारी क्राइम ब्रांच को मुखबिर से मिली थी। जांच में सामने आया है कि ये आरोपी पहले भी इंदौर में चार से पांच बार ड्रग्स की सप्लाई कर चुके थे। शुरूआत में वे 20 से 25 ग्राम एमडी ड्रग्स की सप्लाई करते थे, लेकिन इस बार बड़ी खेप लेकर आए थे। इसी दौरान क्राइम ब्रांच ने उन्हें पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी इंदौर में ही ड्रग्स सप्लाई करने आए थे।

**एक किलोमीटर पीछा कर पकड़ा-** डीसीपी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कार्रवाई के लिए दो टीमें लगाई गई थीं। जैसे ही आरोपियों की स्कॉर्पियो नजर आई, पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे तेज रफ्तार में भागने लगे। क्राइम ब्रांच को पहले से आशंका थी कि आरोपी भागने की कोशिश करेंगे, इसलिए एक टीम को आगे तैनात किया गया था।

## खबर एक नजर...

### नगर निगम के तीन कर्मचारी संघ कल चलाएंगे विशेष सफाई अभियान

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत गुरुवार, 21 मई को नगर निगम के कर्मचारी विशेष सफाई अभियान चलाएंगे। यह अभियान सुबह 8.30 बजे से हरसिद्धि माता मंदिर और शेर चौराहा क्षेत्र में शुरू होगा। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध नगर निगम के तीन प्रमुख संगठनोंझ्र स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ और सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह श्रमदान किया जाएगा। तीनों कर्मचारी संघों के संरक्षक रामचंद्र कोरट और अन्य पदाधिकारियों ने नगर निगम के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

### कीचड़ और फिसलन से लगा जाम, वाहन चालकों को करना पड़ा मशक्कत



**उज्जैन।** चरक अस्पताल से क्षीरसागर उद्यान रोड पर मंगलवार को खुदाई के दौरान पानी की पाइपलाइन फूट गई। इस कारण प्रेशर से सड़क पर पानी बह निकला और खुदाई वाले गड्ढे लबालब भर गए। इससे पूरी सड़क पर कीचड़ फैल गया और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि खुदाई के दौरान अचानक पाइपलाइन फूट गई। तेज बहाव से पानी सड़क पर आ गया और खोदे गए गड्ढे पानी से भर गए। कुछ ही देर में सड़क पर कीचड़ फैल गया। फिसलन की वजह से कई दोपहिया वाहन चालक फिसलते-फिसलते बचे। कीचड़ और पानी के कारण सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। यहां से निकल रहे वाहन फंस गए और लंबा जाम लग गया। लोगों को वाहन निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई देर तक आवागमन बाधित रहा।

### वल्लभ वैष्णव मंडल के नवगठित मुख्य, युवा और महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# 445 वैष्णवों ने ली धर्म के पथ पर चलने और सेवा की शपथ, निकली अलंकार बाबा की भव्य शोभायात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बड़ौदा वाले अलंकार बाबा की ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। सुरभि गार्डन में आयोजित मुख्य समारोह में 445 वैष्णवों ने सेवा कार्य करने और धर्म के पथ पर चलने की शपथ ग्रहण की।

संस्थापक विठ्ठल नागर के नेतृत्व में शाम को महाप्रभु जी की बैठक से अलंकार बाबा की शोभायात्रा शुरू हुई। बैंड बाजे और बग्गी के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु नृत्य करते हुए सुरभि गार्डन पहुंचे। यहां महाराज जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन और वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी संस्थापक विठ्ठल नागर ने दी। समारोह में महाराज जी ने सर्वप्रथम वर्किंग कमेटी को शपथ दिलाई। इसके बाद तीनों मंडलों के 445 वैष्णवों को वैष्णव संप्रदाय के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। शपथ ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से विठ्ठल नागर, आनंद पुरोहित, दीपक राजवानी, राजेंद्र शाह, हेतल शाह, विशाल नीमा और अमित नागर शामिल रहे।

समारोह में वल्लभ वैष्णव मंडल की मुख्य कार्यकारिणी में अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन माहेश्वरी, उपाध्यक्ष नितिन शाह, सिद्धेश्वर दास व सुदेश नीमा, सचिव मनीष नागर, सहसचिव बालकृष्ण नीमा, कोषाध्यक्ष दीपेश शाह, सह कोषाध्यक्ष पवन त्रिपाठी, जन्मदिवस समिति में सुनील नीमा, वैवाहिक वर्षगांठ समिति में बसंत नागर और रजिस्ट्रेशन समिति में रविंद्र मूले को शपथ दिलाई गई। इसी तरह वल्लभ वैष्णव महिला मंडल में अध्यक्ष पारूल शाह, कार्यकारी अध्यक्ष मनीषा नागर, उपाध्यक्ष वंदना जेथलिया, पूर्णिमा शाह व माधुरी शाह, सचिव कामिनी शाह, सह सचिव अदिति नीमा, कोषाध्यक्ष परेशा नीमा, सहकोषाध्यक्ष दिव्या नागर, जन्मदिन समिति में वीनु नीमा, विवाह दिन समिति में कविता श्रॉफ और रजिस्ट्रेशन समिति में डिंपल नागर को शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात वल्लभ वैष्णव युवा मंडल की कार्यकारिणी में अध्यक्ष नितिन नीमा, कार्यकारी अध्यक्ष अमर दीसावल, उपाध्यक्ष अल्पेश नीमा, अमिश नीमा व मनीष सामसिया, सचिव राहुल नागर, सह सचिव नितेश नागर, कोषाध्यक्ष आभास शर्मा, सह कोषाध्यक्ष रवि राणा, जन्मदिन समिति में आयुष नागर, विवाह दिन समिति में अल्पेश नीमा और रजिस्ट्रेशन समिति में सौरभ नागर सहित सभी को सेवा और वैष्णव पथ पर चलने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में आभार जयेश श्रॉफ ने माना।

## निशुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर प्रारंभः 30 मई तक मिलेगा मौका



### देवास रोड स्थित तरणताल पर प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक चलेगा शिविर, एनएआईएस कोच देंगे प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के देवास रोड स्थित तरणताल पर निशुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हो गया है। तैराकी संघ उज्जैन संभाग, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नगर पालिका निगम उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 30 मई 2026 तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डब्बावाले द्वारा विधि-विधान से पूजन संपन्न कराकर किया गया। तैराकी संघ उज्जैन संभाग के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक शहर के खिलाड़ियों को तैराकी का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण शिविर में एनएआईएस कोच हरीश शुक्ला, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान, अश्विन टाटावत और दीपक जैन के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को तैराकी की बारीकियां और तकनीकी गुर सिखाए जा रहे हैं।

## शेषनारायण मंदिर में एक माह तक चलेगी भागवत कथा, भगवान विष्णु के विविध स्वरूपों के होंगे दर्शन

### ज्योतिषाचार्य पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के श्रीमुख से बहेगी ज्ञान गंगा, नौ नारायण व 84 महादेव का बताया महत्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी अवंतिका में क्षीर सागर स्थित शेषनारायण मंदिर प्रांगण में 17 मई से भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। अधिक मास के इस पवित्र अवसर पर 15 जून तक चलने वाले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु प्रतिदिन प्रसिद्ध कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के श्रीमुख से कथा का श्रवण कर रहे हैं।

एक माह तक चलने वाली इस कथा में अधिक मास के दौरान भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन एवं उनकी लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा के प्रारंभ में पंडित शुक्ला द्वारा श्रद्धालुओं को अधिक मास के विशेष महत्व से अवगत कराया गया। इसके साथ ही उन्होंने तीर्थ नगरी अवंतिका में स्थित नौ नारायण, 84 महादेव एवं सप्त सागर की कथाओं का वर्णन करते हुए उनका पौराणिक महत्व भी समझाया।

पंडित शुक्ला ने बताया कि सनातन धर्म की दिव्य परंपराओं में पुरुषोत्तम मास का विशेष और अद्वितीय महत्व है। यह मास केवल एक अतिरिक्त कालखंड नहीं, बल्कि भगवान श्रीहरि विष्णु की अनंत कृपा का प्रतीक है। जब समय के गणना चक्र में असंतुलन उत्पन्न होता है, तब यह पवित्र मास प्रकट होकर धर्म और साधना के मार्ग को सुदृढ़ करता है।

उल्लेखनीय है कि पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के परिवार द्वारा अधिक मास के दौरान पीढ़ियों से शेषनारायण मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु शेषनारायण मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन के साथ ही कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चीनी मोबाइल ऐप्स से रखें दूरः संत संतोष देव जी

### सिंधी समाज ने दिवंगत संत साधराम जी को दी श्रद्धांजलि, भागवत कथा में गूंजे वामन अवतार और नृसिंह अवतार के प्रसंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत के तत्वावधान में संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन संत श्री संतोष देव जी महाराज ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चीन निर्मित सभी प्रकार के मोबाइल ऐप्स को पूरी तरह बंद करने का आह्वान किया। इसी दौरान सकल सिंधी समाज द्वारा पाकिस्तान के सिंध प्रांत के दिवंगत संत श्री साधराम जी के स्वर्गवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समिति के अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि कथा व्यास संत संतोष देव जी महाराज ने आधुनिक जीवनशैली पर प्रकाश डालते हुए ईश्वर प्राप्ति का मार्ग भी बताया। संत जी ने कहा कि मनुष्य को सीमित मात्रा में भोजन करना चाहिए, नींद कम लेनी चाहिए और बाजार के चटपटे खाने से परहेज करना चाहिए। उन्होंने एकाग्रचित्त होकर आंखें बंद कर ईश्वर का चिंतन करने की सलाह दी।

### कथा में इन पौराणिक प्रसंगों का हुआ सजीव वर्णन

कथा के दौरान संत जी ने भगवान विष्णु के वामन अवतार का प्रसंग सुनाया, जिसमें उन्होंने धर्मात्मा राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी थी। गया तीर्थ का वृत्तांत सुनाते हुए उन्होंने बताया कि नारायण के महान भक्त गयासुर के कारण गया में पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिलता है।

इसके साथ ही उन्होंने भगवान शिव के आशीर्वाद से अल्पायु मृत्यु को टालने वाले ऋषि मार्कंडेय, अपने भक्त की सेवा के लिए सेवक का रूप धारण करने वाले भगवान जगन्नाथ, माता अनुसूया द्वारा ब्रह्मा, विष्णु और महेश को शिशु बनाने के भगवान दत्तात्रेय प्रसंग तथा ब्रह्मा जी के वरदान का मान रखते हुए भगवान नृसिंह द्वारा दुराचारी हिरण्यकश्यप के वध का विस्तार से वर्णन किया।

कथा में संत श्री का स्वागत श्रीमती पुष्पा कोटवानी, महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, दीपक बेलानी, विनोद लुल्ला, पूर्व पार्षद रिंकू बेलानी, स्वाति गजरानी, रेशमा गंगवानी, वंदना सनमुखानी, भारती सनमुखानी और पूनम लुल्ला ने किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन श्रीमती सोना रामचंदानी, नरेश मूलचंदानी, वीर कुमार मामनानी, घनश्याम दसवानी, मुकेश सेवारामणि और निशा रामचंदानी द्वारा किया गया।

## खबर एक नजर...

### श्री महाकाल मंदिर सभा मंडप में सफाई कर्मी महिला को कुत्ते ने काटा

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के साथ ही अब तो मंदिर के प्रमुख हिस्सों में भी आवारा कुत्तों की दहशत होने लगी है। मंगलवार सुबह मंदिर के प्रमुख स्थल सभा मंडप में काम कर रही निजी सुरक्षा कंपनी की कर्मचारी लक्ष्मी संगत को ऐसे ही कुत्ते ने काट लिया। तत्काल उसे मंदिर के अस्पताल में ले जाकर प्राथमिक उपचार दिया गया और उसके बाद एंटी रैबीज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मंगलवार को मंदिर परिसर में कुत्ते के कर्मचारी एवं श्रद्धालु को काटने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार मंदिर में ऐसा हो चुका है,जबकि श्रद्धालुओं को यहां कुत्ते आहत कर चुके हैं। मंदिर अस्पताल के डा.देवेन्द्र परमार के अनुसार मंगलवार को निजी कंपनी की सफाईकर्मी को कार्य के दौरान कुत्ते ने काटा। इस दौरान उसे कुत्ते के दांतों की रगड लगी थी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार एवं टिटेनस टाक्साईड देने के बाद कर्मचारी को मंदिर की एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजकर एंटी रेबीज दिलवाया गया है। पिछले 15 दिनों में मंदिर परिसर में कुत्तों के काटने की यह 5 वीं घटना रही है। पिछले वर्षों से मंदिर एवं परिसर क्षेत्र में कुत्तों के काटने के मामलों में बराबर बढोतरी हुई है।

### सूर्यदेव के रौद्र रूप से हाहाकार, पारा 45 डिग्री के पार, उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने शहर को बनाया भट्टी

शाजापुर। अंचल में भीषण गर्मी ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए विकराल रूप धारण कर लिया है। आसमान से बरसती आग और थपेड़े मारती गर्म हवाओं के कारण जिले का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। यही कारण है कि दोपहर होते ही मानों शहर में कर्फ्यू जैसे हालात बन रहे हैं और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। मौसम के जानकार सत्येंद्र धनोतिया ने क्षेत्र के मौसम को लेकर बेहद चौंकाने वाले आंकड़े जारी किए हैं। उनके मुताबिक मंगलवार को शाजापुर का अधिकतम तापमान रिकॉर्ड तोड़ 45.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिसने इस सीजन की सबसे तगड़ी तपिश का अहसास कराया। केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी अब भट्टी की तरह तप रही हैं, क्योंकि न्यूनतम तापमान भी उछलकर 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके चलते लोगों को चौबीसों घंटे गर्मी से कोई राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विशेषज्ञ धनोतिया ने बताया कि वर्तमान में 14 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से चल रही उत्तर-पश्चिमी हवाएं सीधे तौर पर लू के थपेड़ों में तब्दील हो चुकी हैं। इन सूखी और गर्म हवाओं के कारण वायुमंडल में आर्द्रता यानी नमी का ग्राफ गिरकर महज 22 प्रतिशत पर सिमट गया है। हवा में नमी बेहद कम होने से यह शुष्क गर्मी त्वचा को झुलसाने वाली साबित हो रही है। आने वाले दिनों में भी इस भीषण तपिश से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है, इसलिए डॉक्टरों ने भी लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर न निकलने और लगातार पानी पीते रहने की सख्त हिदायत दी है।

# अवैध ई-फामेर्सी और भारी छूट के विरोध में आज महाबंद

### उज्जैन जिला केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने किया देशव्यापी आंदोलन का समर्थन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन जिला केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (यूडीसीडीए) ने अखिल भारतीय केमिस्ट संघ (एआईओसीडी) के आह्वान पर आज 20 मई, 2026, बुधवार को उज्जैन में पूर्ण दवा बंद की घोषणा की है। यह बंद अवैध ई-फामेर्सी की अनियंत्रित कार्यप्रणाली और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दी जा रही शोषणकारी 'डीप डिस्काउंटिंग' (भारी छूट) के विरोध में किया जा रहा है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी और सचिव मनोज दुग्गड़ ने बताया कि यह निर्णय दवा विक्रेताओं के अस्तित्व और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए लिया गया है। देश भर के 12.40 लाख केमिस्ट ऑनलाइन फामेर्सी की अनियमित कार्यप्रणाली के खिलाफ सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में कोविड काल के दौरान जारी की गई अस्थायी अधिसूचना जी.एस.आर. 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से निरस्त करना शामिल है। एसोसिएशन का कहना है कि यह अधिसूचना अब अप्रासंगिक हो चुकी है और इसके जरिए डिजिटल प्लेटफॉर्म औषधि नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके अलावा, ई-फामेर्सी से संबंधित अधिसूचना जी.एस.आर. 817 (ई) को भी वापस लेने की मांग की गई है।

एसोसिएशन का आरोप है कि अवैध ई-फामेर्सी और भारी छूट के कारण देश के 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका पर संकट आ गया है। उनका दावा है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नियमों में ढील का फायदा उठाकर बिना भौतिक सत्यापन के दवाएं बेच रहे हैं। इससे न केवल नकली दवाओं की बिक्री बढ़ रही है, बल्कि आदतन दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) जैसे बड़े खतरे भी पैदा हो रहे हैं। यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

एसोसिएशन ने आगे स्पष्ट किया कि कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दी जा रही भारी छूट बाजार के संतुलन को बिगाड़ रही है और अनुचित व्यापार प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रही है। इससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छोटे केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है, जिससे अंततः दवाओं की सुलभ आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त होने का भय है।

अखिल भारतीय स्तर पर, एआईओसीडी के अध्यक्ष जे.एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने भी इस मुद्दे पर एकजुटता व्यक्त की है। उज्जैन एसोसिएशन ने जोर देकर कहा कि यह केवल व्यापार का मामला नहीं है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा का भी एक गंभीर मामला है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक सरकार इन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च, पेट्रोल पंप पर किया प्रदर्शन

उज्जैन। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में शहर कांग्रेस द्वारा निकाले गए विशाल पैदल मार्च का समापन निकास चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर जोरदार प्रदर्शन और सभा के साथ हुआ। इस दौरान मार्ग में आम नागरिकों ने भी कांग्रेस के इस जनहितैषी आंदोलन की सराहना की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन की शुरूआत पीपली नाका चौराहा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई थी।

कांग्रेस महासचिव अजय राठौर ने बताया कि पैदल मार्च पीपली नाका से शुरू होकर उर्दू पूरा होते हुए निकास चौराहा पेट्रोल पंप पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां थामे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभिन्न मार्गों और गलियों से गुजरे। नेताओं ने आम जनता के बीच जाकर सरकार की कमियों और विफलताओं को उजागर किया। निकास चौराहे पर पहुंचकर कार्यकताओं ने पेट्रोल पंप पर प्रदर्शन किया और वहीं सभा का आयोजन कर मार्च का समापन किया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को देश की जनता की समस्याओं का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि देश के हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। लोकतंत्र में जनसेवा ही किसी भी नेता का प्रमुख धर्म होता है, लेकिन जन सुविधाओं का ध्यान रखने के बजाय देश के प्रधानमंत्री देश-विदेश के भ्रमण में व्यस्त हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि आज बढ़ती महंगाई के कारण मध्यमवर्गीय परिवार बुरी तरह टूट चुका है।

### जोनल स्तरीय निरंकारी बाल समागम में उज्जैन जोन की विभिन्न ब्रांचों के बच्चों ने लिया भाग

# 45 डिग्री की चिलचिलाती धूप में भी नहीं डिगी आस्था

### सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता रमित जी के आशीर्वाद से हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता रमित जी की असीम कृपा से मेघनगर के रंभापुर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 17 मई को जोनल स्तरीय संत निरंकारी बाल समागम का भव्य आयोजन किया गया। 45 डिग्री के भीषण तापमान और गर्म हवाओं के थपेड़ों के बावजूद बच्चों के कदम नहीं डिगे और उन्होंने इस रूहानी समागम का भरपूर आनंद लिया।



उज्जैन से मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि समागम के दौरान रतलाम से आए जोनल इंचार्ज राजकुमार गंगवानी ने 'बच्चे मन के सच्चे हैं, सारी जग की आंख के तारे' गीत प्रस्तुत कर बाल महात्माओं का आत्मीय स्वागत किया। वहीं, उज्जैन ब्रांच के मुखी त्रिलोक बेलानी ने उपस्थित बच्चों और पूरे जोन को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में कानपुर से पधारे महात्मा घनश्याम जी ने मंच संचालन (स्टेज सेवा) का दायित्व निभाया और बच्चों को ज्ञानवर्धक बातें समझाकर अपना आशीर्वाद दिया।

जोन 25 के अंतर्गत आयोजित इस बाल समागम में नीमच, मंदसौर, पेटलावद, जमवा, रतलाम, उज्जैन, देवास, मनासा और खड़ावदा ब्रांच से बड़ी संख्या में बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ सहभागिता की। तपती दोपहर में भी बच्चों के चेहरों पर छाई रूहानी मुस्कान और मस्ती ने पूरे समागम को सफल और खुशनुमा बना दिया।

### आरोह शिविर में बेटियों ने दिखाई ताकत, रस्सा-कस्सी और चेयर रेस में जमाया रंग

**शाजापुर।** खेल मैदान सिर्फ पसीना बहाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी क्षमताओं को पहचानने और उत्सव मनाने का जरिया भी होते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा जिला मुख्यालय के स्टेडियम परिसर में देखने को मिला, जहां ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 के तहत बेटियों और महिलाओं ने अपने भीतर के खिलाड़ी को खुलकर सामने लाया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चल रहे इस शिविर में खेल विभाग ने महिला सम्मान को केंद्र में रखकर कुछ ऐसी स्पधाएं आयोजित कीं, जिन्होंने बचपन की यादें ताजा कर दीं। आमतौर पर गंभीर खेलों की ट्रेनिंग ले रही बालिकाओं के लिए यह दिन थोड़ा अलग और बेहद खुशनुमा था।

## एक वर्ष तक नहीं खरीदेंगे सोना, पेट्रोल बचाने और विदेश यात्रा टालने की ली शपथ

### अमरावती के संत डॉ. संतोष कुमार ने दिलाई प्रतिज्ञा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में सिंधी समाज ने राष्ट्रहित में एक अनूठी पहल की है। कथा के दूसरे दिन अमरावती स्थित शिव धारा आश्रम के संत डॉ. संतोष कुमार के आह्वान पर समाजजनों ने राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने के लिए पेट्रोल बचाने, एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्रा स्थगित करने की सामूहिक शपथ ली। समिति अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि यह आयोजन जीवाजीगंज थाने के सामने स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में 17 से 23 मई तक प्रतिदिन शाम 4.30 से 7.30 बजे तक किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन संत डॉ. संतोष कुमार ने शिव-पार्वती विवाह, माता सती के जीवन और राजा दक्ष प्रजापति के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान विष्णु के 24 अवतारों की जानकारी देते हुए बताया कि राम और कृष्ण पूर्णावतार हैं, जबकि अन्य अवतार अल्प समय के लिए या आवेश अवतार हुए। उन्होंने राजा परीक्षित और कलयुग के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि राजा परीक्षित ने कलयुग को रहने के लिए जुआ, मदिरा, चोरी-चकारी और सोना जैसे चार स्थान प्रदान किए थे।

## सती गेट चौड़ीकरणः हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद दुकान तोड़ने का आरोप, किराएदारों को बेदखल करने की साजिश

### पीड़ित व्यापारी ने मकान मालिक और नगर निगम पर लगाए साठगांठ के गंभीर आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शहर के सती गेट और गोपाल मंदिर मार्ग पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। व्यापारी संजय ओरा ने आरोप लगाया है कि मकान मालिक और नगर निगम के अधिकारियों ने साठगांठ कर हाईकोर्ट के स्थगन आदेश (यथास्थिति) के बावजूद उनकी दुकान को नुकसान पहुंचाया है।

पीड़ित ने बताया कि 79 सती गेट, गोपाल मंदिर मार्ग पर 'मोहन रेडीमेड' के नाम से उनकी किराए की दुकान है, जहां वे पिछले करीब 75 वर्षों से व्यवसाय कर रहे हैं। करीब 40 फीट लंबी इस दुकान में से चौड़ीकरण की जद में आए 10 फीट के हिस्से को उनके द्वारा स्वेच्छा से छोड़ दिया गया था। व्यापारी का आरोप है कि इसके बावजूद मकान मालिक भास्कर जोशी ने चौड़ीकरण की आड़ में नगर निगम के कुछ अधिकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ मिलकर दुकान के ऊपर का पूरा हिस्सा जानबूझकर गिरा दिया।

व्यापारी के अनुसार, ऊपरी हिस्से में गड्ढे खोदकर मलबा सीधे उनकी दुकान में डाला गया, जिससे अंदर रखा हजारों रुपये का माल पूरी तरह बर्बाद हो गया। पीड़ित का कहना है कि यह कृत्य उन्हें परेशान कर पूरी दुकान ध्वस्त करने और वहां से बेदखल करने की नीयत से किया गया है। इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय इंदौर में प्रकरण विचाराधीन है और न्यायालय द्वारा मौके पर यथास्थिति बनाए रखने का स्पष्ट आदेश दिया गया है।

संजय ओरा ने बताया कि क्षेत्र में कई कच्चे मकान मौजूद हैं जिन्हें नहीं गिराया गया, लेकिन उनकी दुकान को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे सती गेट बाजार क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारी और मकान मालिक मिलकर किराएदारों के साथ ऐसा ही रवैया अपना रहे हैं और लोगों को उनकी रोजी-रोटी से वंचित कर रहे हैं। पीड़ित ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि दोषियों पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई कर उनकी दुकान को पूरी तरह टूटने से बचाया जाए, ताकि वे अपना व्यापार पुनः शुरू कर सकें।

## खबर एक नजर...

### रेडक्रॉस में वृद्धाश्रम एवं मूक बधिर बच्चों के लिए किये सेवा कार्य

नीमच। रेडक्रॉस के तत्वाधान एवं सहयोग से श्रीमती इंदु वेद की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार जन द्वारा उनकी स्मृति में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों और मूक बधिर बच्चों के साथ बनाया वहां पर सभी वृद्ध और बच्चों को भोजन कराया ओर उन्हें फल, बिस्कुट, चॉकलेट आदि वितरित भी किए और उनके साथ बहुत अच्छा समय भी बिताया। श्रीमती इंदु की याद में उनकी बेटी किरण आंचलिया और दामाद पंकज आंचलिया एवं दोनों नाता - नातिन ने कहा कि उनका जाना हमारे लिए बहुत बड़ी शती है जिसे कोई पूरा नहीं कर सकता और उन्हीं के दिए संस्कार से हम ये सेवा कार्य कर रहे है। इस दौरान पंकज आंचलिया किरण आंचलिया, अशोक आंचलिया, शांता आंचलिया, विद्या कमल वेद, पिंकी दसेड़ा, कल्पना बडाला, इंदु शर्मा, अनामिका शर्मा, सम्यक दसेड़ा, नैवेद्य, ऋत्वि, प्रिंस, अरिहा, सिया आदि उपस्थित थे।

### बंद पड़ी सहकारी सोसायटियों के पंजीयन होंगे निरस्त

मन्दसौर। सहकारिता विभाग द्वारा जिले में पहली बार बड़े स्तर पर एक विशेष मुहिम शुरू की जा रही है, जिसके तहत कई वर्षों से बंद पड़ी और परिसमापन में चल रही सहकारी सोसायटियों का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। सहकारिता उप आयुक्त परमानंद गोडरिया ने बताया कि निष्क्रिय संस्थाओं के पंजीयन निरस्त कर इन्हें सहकारिता के पटल से हटा दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिन प्रमुख संस्थाओं के पंजीयन निरस्त किए जाने की सूची तैयार की गई है, यदि किसी को भी इस निरस्तीकरण की कार्रवाई के संबंध में कोई आपत्ति है या वे अपना पक्ष रखना चाहते हैं, तो वे एक सप्ताह के भीतर उपायुक्त सहकारिता जिला मंदसौर कार्यालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एन.एस.एस. बी-प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न

मंदसौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बी-प्रमाण पत्र परीक्षा का गरिमामय आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा कॉलेज के कालिदास कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें पात्र स्वयंसेवकों ने बेहद उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। एन.एस.एस. के जिला संगठक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी ने परीक्षा के नियमों और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दो वर्ष की सेवा अवधि और कुल 240 घंटे का श्रमदान पूर्ण करने वाले स्वयंसेवकों के लिए ही इस लिखित एवं साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का निष्पक्ष मूल्यांकन करना था। डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले सभी स्वयंसेवकों को अपनी एन.एस.एस. डायरी साथ लाने के विशेष निर्देश दिए गए थे।

# चॉकलेट के रैपर में छिपाकर कनाडा भेजी जा रही 455 ग्राम अफीम जब्त, पोस्ट ऑफिस में पार्सल छोड़कर भागा आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ तस्करों द्वारा जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए चॉकलेट और कैंडी के रैपरों का सहारा लिया जा रहा था। सोमवार शाम मंदसौर स्थित नई आबादी पोस्ट ऑफिस में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स की टीम ने एक संदिग्ध पार्सल से करीब 455 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। इस खेप को ओंटारियो (कनाडा) भेजने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों की मुस्तैदी और सतर्कता के चलते तस्करी के इस अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ हो गया। पूछताछ के दौरान घबराया संदिग्ध युवक अपना सामान काउंटर पर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश अब सीसीटीवी कैमरों की मदद से की जा रही है।

घटनाक्रम के अनुसार, सोमवार शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच एक अज्ञात युवक नई आबादी पोस्ट ऑफिस पहुँचा था। उसने कनाडा भेजने के लिए करीब 2 किलोग्राम वजन का एक इंटरनेशनल पार्सल बुक कराने की बात कही।

काउंटर पर तैनात पोस्टल असिस्टेंट प्रदीप मेहरा ने जब सुरक्षा नियमों के तहत युवक से पार्सल के भीतर रखी सामग्री के बारे में पूछताछ की, तो उसने बताया कि इसमें केवल चॉकलेट आइटम और खाने-पीने का सामान है। हालांकि, बातचीत के दौरान युवक की शारीरिक भाषा और संदिग्ध गतिविधियां देखकर कर्मचारियों को उस पर गहरा संदेह हुआ। जब कर्मचारियों ने पार्सल को लेकर कुछ और कड़े सवाल पूछे, तो युवक बुरी तरह घबरा गया। पकड़े जाने के डर से वह कुछ ही पलों में अपना पार्सल काउंटर पर ही छोड़कर वहां से रफूचक्कर हो गया।

युवक के इस तरह अचानक भागने से पोस्ट ऑफिस में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों ने इसकी सूचना तत्काल सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स को दी। सीबीएन की टीम देर शाम मौके पर पहुँची और पार्सल को अपने कब्जे में लेकर जांच की। जब पार्सल को खोला गया, तो उसके भीतर से च्लव पैनज नाम की कैंडी के दो बॉक्स बरामद हुए। कैंडी के रैपरों के भीतर से 25 छोटे-छोटे पाउच मिले, जिनमें बेहद शातिराना तरीके से काली अफीम भरी गई थी। तौल करने पर इस अफीम का कुल वजन 455 ग्राम पाया गया, जबकि बाकी के रैपरों में सामान्य कैंडी भरी हुई थी ताकि किसी को शक न हो।

सीबीएन ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ को मौके पर ही जब्त कर लिया और अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सीबीएन और स्थानीय पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिये पोस्ट ऑफिस परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## बीआरसी पर तीन माह में बार-बार हमला करने वाले के समक्ष पुलिस का कथित आत्मसमर्पण

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसी विवेक नागर पर तीन महीने में एक निलंबित शिक्षक दिलीप राठौड़ द्वारा जान से मारने का प्रयास, डराने, धमकाने जैसे अपराधिक कृत्य करने के बावजूद पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई नहीं करने से शासकीय कर्मचारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

बताया जाता है कि गत दिवस निलंबित शिक्षक दिलीप राठौड़ द्वारा जनपद शिक्षा केंद्र के शासकीय कार्यालय में घुसकर बीआरसी विवेक नागर को मारने की नियत से अपराधिक कृत्य किया और गालियां देते हुए कार्यालय में तोड़फोड़ की। पूर्व में भी यह व्यक्ति धारदार हथियार लेकर तथा पत्थरबाजी करते हुए कुछ अधिकारियों से अभद्रता कर चुका है।

बार-बार किए जाने वाले उक्त अपराधिक कृत्य करने एवं एफ आई आर दर्ज होने ,लिखित शिकायत करने के बावजूद पुलिस द्वारा कारवाई नहीं किया जाना अनेक प्रश्न खड़े कर रहा है? क्षेत्रीय स्टेशन रोड पुलिस का अपराधिकृत करने वाले के समक्ष यह कथित आत्मसमर्पण किसी मिली भगत एवं उनकी कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है।

# होमगार्ड लाईन में अग्नि सुरक्षा एवं सीपीआर का प्रशिक्षण सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



संभागायुक्त श्री आशीष सिंह एवं डीआईजी उज्जैन रेंज श्री नवनीत भसीन के निदेर्शानुसार उज्जैन के विभिन्न कार्यालयों एवं बंगलों पर गार्ड सुरक्षा में तैनात होमगार्ड एवं पुलिस जवानों को अग्नि सुरक्षा व मेडिकल इमरजेंसी (सीपीआर) का 1 दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को जिला सेनानी होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट के मार्गदर्शन में होमगार्ड लाईन उज्जैन में संचालित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जवानों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न उपाय, आग के प्रकार एवं फायरएग्जीग्यूशर का किस प्रकार उपयोग करना है, इसका प्रशिक्षण एसडीईआरएफ एवं नगर निगम की फायर टीम के द्वारा दिया गया। साथ ही घायल व्यक्ति को किस स्थिति में व किस प्रकार सीपीआर देना है, इसका प्रशिक्षण भी पुलिस / होमगार्ड सुरक्षाकर्मियों को एसडीईआरएफ टीम उज्जैन के द्वारा दिया गया। जिला सेनानी श्री संतोष कुमार जाट ने बताया कि उक्त 1 दिवसीय प्रशिक्षण में 40 जवान सम्मिलित हुये।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु बैठक सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में पंचायत एवं नगरीय निकाय फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम २००६ के अंतर्गत स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम श्री संतोष टैगोर एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष व प्रतिनिधि उपस्थित थें।

बैठक में जिले के अंतर्गत विकासखण्डवार ग्राम पंचायतों, विकास खण्डों और नगरीय निकायों की सामान्य जानकारी प्रदान की गई। उज्जैन जिले में कुल 6 विकास खण्ड है तथा 8 नगरीय निकाय हैं। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन विगत 15 मई को कर दिया गया है। इसके अनुसार उज्जैन जिले में कुल 609 ग्राम पंचायतों में 9 लाख 58 हजार 784 मतदाता हैं। इनमें 4 लाख 84 हजार 563 पुरूष एवं 4 लाख 74 हजार 207 महिलाएं व 14 अन्य मतदाता है।इसी प्रकार नगरीय निकायों में कुल 192 वॉर्ड है। इनमें मतदाता सूची के 15 मई को किये गए प्रारूप प्रकाशन की स्थिति में 6 लाख 96 हजार 993 मतदाता हैं। इनमें 3 लाख 47 हजार 585 पुरुष, 3 लाख 49 हजार 347 महिलाएं व 61 अन्य मतदाता हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में बताया कि मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत आगामी 25 मई को दोपहर 3 बजे तक दावे आपत्ति प्राप्त किये जाएंगे। दावे आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि शनिवार 30 मई निर्धारित की गई है। आगामी 18 जून को नगरीय निकाय एवं पंचायतों की अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची का निर्धारित विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। डुप्लीकेट मतदाताओं के निराकरण के दौरान विवादित प्रकरणों के निराकरण के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को जिला स्तरिय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। फोटो मतदाता सूची के साथ ही आयोग के निदेर्शानुसार नगरीय निकाय एवं पंचायत वार डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराई जा रही है इसमें ऐसे मतदाताओं की जानकारी होगी जिनके नाम मतदाता सूची में 2 या अधिक स्थानों पर दर्ज है।मतदान केंद्र युक्तियुक्तकरण के दौरान मतदाताओं की संख्या के आधार पर नगर पालिका निगम उज्जैन में 6 नवीन मतदान केंद्र बनाए गए है।

## चार दिवसीय श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव 21 मई से, गूंजेगी शहनाई

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

पवित्र पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल, मंदसौर के तत्वावधान में 21 से 24 मई तक चार दिवसीय श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव का आयोजन रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड़ पर किया जाएगा। यह दिव्य और मांगलिक उत्सव भगवान श्री लक्ष्मी वेंकटेश की असीम कृपा और वैष्णव परंपरा की मंगल भावना के साथ आयोजित हो रहा है।

माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष सोनल चौधरी (मंडोवरा), सचिव राखी परवाल एवं कोषाध्यक्ष शिखा चिचानी ने बताया कि यह भव्य महोत्सव धर्मप्रवर्तकाचार्य श्रीमद् जगद्गुरु भगवद्रामानुज संप्रदाया चार्य कांची प्रतिवादी भयंकर मठ, सिंहासनाधीश्वर गादी स्वामीजी श्री श्री 1008 श्री श्री निवासाचार्य स्वामीजी महाराज एवं बालक स्वामीजी श्री श्री 1008 अनंताचार्य स्वामीजी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। जिसमें 21 मई गुरुवार को दोपहर ३ बजे से मेहंदी उत्सव के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। अगले दिन 22 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे मूंगहाथ एवं पापड़-बड़ी उत्सव का पारंपरिक आयोजन किया जाएगा।

23 मई शनिवार को सुबह 7 बजे सहस्त्रधारा अभिषेक और पंचामृत पूजन के बाद श्रृंगार, आरती, गोष्ठी प्रसाद वितरण, देवी पूजन, हल्दी तथा प्रणय लीला महोत्सव का आनंद श्रद्धालु उठा सकेंगे। इसी दिन शाम 6.30 बजे परिसर में श्रीवारी सवारी और संध्या आरती होगी, जिसके बाद शाम 7.30 बजे से कोटा (एलन) के सुप्रसिद्ध डॉ. गोविंद माहेश्वरी के भजनों की धारा प्रवाहित होगी। भजन संध्या के साथ ही अन्नकूट (छप्पन भोग) दर्शन महोत्सव भी होगा।

इस सांस्कृतिक शाम में भजन संध्या से ठीक पूर्व च्शिवांशीज पत्रिका का विमोचन और माहेश्वरी महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। अंतिम दिन 24 मई रविवार को सुबह 7 बजे 108 कलश खिरान भोग उत्सव होगा, जिसके बाद सामूहिक तुलसी व कुमकुम अर्चना, श्री शंख चक्र वेदी रचना, मायरा और मंगल बधाई के कार्यक्रम होंगे। शाम 5 बजे नगर में भगवान की भव्य बारात धूमधाम से निकाली जाएगी।

## लायंस क्लब द्वारा रेहड़ी पटरी वालों को धूप से बचाव हेतु छातों का वितरण

**सनावद।** दिन भर तपती धूप में ठेले आदि और रोड़ साइड दुकान लगाकर व्यवसाय करने वाले लोगों को धूप से बचाव हेतु छाता वितरण किया गया 30 से अधिक छोटे बड़े छाते फल- रेहड़ी,झाडू व्यवसाय,मोची,मटके बेचने वाले आदि विभिन्न व्यवसाय के लोगो को लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मुश्ताक मलिक के सौजन्य से वितरित किए गए।मेरा भारत महान,सनावद बनेगा नंबर वन और सबसे बड़ा धर्म इंसानियत आदि स्लोगन रंग-बिरंगे छातों पर लिखे हुए थे। क्लब संस्थापक जाकिर हुसैन अमी जन्मदिन की सदस्यों द्वारा बधाई दी गई। कोषाध्यक्ष डॉ राजेंद्र पलौड़, वरिष्ठ लायन रमेश जोशी,सचिव हरीश पुरोहित, द्वारका प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मोबाइल टावरों से केबल चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

**नेपानगर।** खुद को बीएसएनएल का अधिकारी बताकर दिनदहाड़े मोबाइल टावरों से केबल चोरी करने वाले शातिर चोरों को नेपानगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लगभग डेढ़ लाख रुपए की चोरी की केबल बरामद की गई है। शातिर चोरों द्वारा नेपानगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दिनदहाड़े बीएसएनएल के टावरों पर पहुंचकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था। नेपानगर पुलिस ने ग्रामीणों से मिली जानकारी एवं वीडियो के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी श्रीमती ज्ञानु जयसवाल ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

## जगदंबा मंदिर के स्थापना दिवस पर आज होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**खंडवा।** जगत जननी मां जगदम्बे मैय्या जी के मंदिर 17 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को प्रातः काल मंदिर की पुजारी राजेश चौरे द्वारा मां का श्रृंगार अभिषेक एवं हवन आयोजित होगा साथ ही कन्या भोज एवं प्रसादी का वितरण भी होगा। एवं रात्रि में महा आरती के साथ सुंदरकांड का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अरुण भट्ट एवं पदाधिकारी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से मंदिर की स्थापना दिवस पर दर्शन करने हेतु अनुरोध किया हैं।

## कर्तव्य के प्रति लापरवाह आउटसोर्स कर्मी को सेवा से हटाया गया

**बड़वानी ।** जिला चिकित्सालय बड़वानी में 19 मई को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज खन्ना द्वारा सम्पूर्ण कक्षो का औचक निरीक्षण करने पर पाया कि चिकित्सालय के इमरजेंसी कक्ष में कार्यरत महेन्द्र सोलंकी आउटसोर्स सफाई कर्मी द्वारा कार्य में की जा रही लापरवाही एवं दिये गये निदेशो के पालन नहीं करने पर उक्त कर्मी को तत्काल प्रभाव से पृथक किया गया है।

# शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराजगी

## नगर में जल प्रबंधन की व्यवस्था पुरी तरह से ध्वस्त, शहर में एक दिन छोड़कर जल वितरण किया जा रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

नर्मदा नदी के किनारे बसे शहर में इन दिनों पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। शहर में एक दिन छोड़कर जल वितरण किया जा रहा है जिससे लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि नर्मदा नदी में भरपूर पानी उपलब्ध होने के बाद भी नगर वासियों को नियमित जलापूर्ति नहीं मिल पा रही है शहर के विभिन्न वार्डों में महीने में 15 दिन ही पानी की सप्लाई हो रही है जबकि नगर पालिका द्वारा जलकर पूरे महीने का वसूला जा रहा है। इस स्थिति को लेकर लोगों का कहना है कि जब पानी आधे महीने ही मिल रहा है तो टैक्स भी उसी अनुपात में लिया जाना चाहिए।

गर्मी के बढ़ते तापमान के बीच जल संकट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई क्षेत्रों में लोगों को पानी संग्रहित करने के लिए रातभर इंतजार करना पड़ता है। वहीं कुछ मोहल्लों में कम प्रेशर के कारण पर्याप्त पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है।

महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोगों का आरोप है कि जल वितरण व्यवस्था में सही मॉनिटरिंग नहीं होने, पाइप लाइनों की लीकेज व समय पर रखरखाव नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका जल वितरण व्यवस्था में सुधार करते हुए प्रतिदिन या कम से कम नियमित अंतराल में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करे। साथ ही जलकर में भी पारदर्शिता लाई जाएं। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर द्वारा ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट को लेकर अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है वहीं दूसरी और शहर में जल संकट भयावह रूप लेता दिखाई दे रहा है।

नगर के कई वार्डो में एक दिन छोड़कर की जा रही जल सप्लाय ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश दिए है कि पेयजल से जुड़ी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएं और ग्रीष्मकाल में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में निर्बाध जल आपूर्ति हो। लेकिन नगर में सुबह होते ही पानी भरने के लिए बर्तनों की कतारें लग रही है। कई क्षेत्रों में पर्याप्त दबाव से पानी नहीं पहुंच रहा, कहीं सप्लाई का समय बेहद कम है तो कहीं नलों में पानी ही नहीं आ रहा। समस्या के निराकरण के बताएं उपाय पाइप लाइन लीकेज की जांच और सुधार, शहर की पुरानी व क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की तत्काल जांच कर लीकेज बंद किए जाएं जिससे पानी की बर्बादी रोकी जा सके, नियमित जल वितरण शेड्यूल बनाया जाएं, नगर पालिका को वार्डवार निश्चित समय सारणी जारी कर नियमित जल वितरण सुनिश्चित करना चाहिए, अतिरिक्त पानी टंकियों का निर्माण, बढ़ती आबादी को देखते हुए नई पानी टंकियों व स्टोरेज व्यवस्था का विस्तार किया जाएं।

मोटर और फिल्टर प्लांट की मॉनिटरिंग, जलप्रदाय केंद्रों पर मोटर, पंप व फिल्टर प्लांट की नियमित निगरानी और रखरखाव किया जाएं। जलकर में पारदर्शिता लाई जाएं। यदि महीने में सीमित दिनों तक ही पानी दिया जा रहा है तो लोगों को राहत देने के लिए जलकर में आंशिक छूट या समायोजन पर विचार किया जाएं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की संयुक्त बैठक ली जाएं, नगर पालिका, जनप्रतिनिधियों व लोगों की संयुक्त बैठक आयोजित कर स्थाई समाधान निकाला जाएं। जल सरंक्षण अभियान को बढावा दिया जाएं। घरों व सार्वजनिक स्थानों पर जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देकर भविष्य के जल संकट को कम किया जा सकता है। प्रभावित वार्डों में टैंकर व्यवस्था शुरू की जाएं। अन्यथा लोगों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पडेगा।नपा की जलप्रदाय शाखा के अनुसार नगर में पेयजल की योजना वर्ष 2010 की है। जिसके बाद से अभी तक 16 सालो में जनसंख्या बढी है, कॉलोनियों का विस्तार हो चुका है ऐसी स्थिति में पुरानी लाइन से पूरे शहर को सप्लाय कर पाना मुश्किल हो रहा है। 40 प्रतिशत नर्मदा व 60 प्रतिशत कुओं से होती है आपूर्ति शहर में पेयजल वितरण की व्यवस्था नर्मदा व स्थानीय कुओं पर निर्भर है। जिसमें नर्मदा से 40 प्रतिशत व 60 प्रतिशत कुंओं से जल आपूर्ति होती थी लेकिन कुंओ का जलस्तर कम हो गया है और अब 20 प्रतिशत ही मिल पा रहा है। उसमें भी यही बिजली आपूर्ति बाधित होती है तो 10 प्रतिशत की कमी आ जाती है ऐसी स्थिति में नर्मदा व कुंओ से मिलाकर 50 प्रतिशत ही पूर्ति हो पाती है जिसके कारण शहर में एक दिन छोड़कर पेयजल वितरण किया जा रहा है। अमृत योजना के तहत जल्द ही काम पूरा होने वाला है जिससे पानी की समस्या आगामी कई वर्षों तक के लिए खत्म हो जाएगी।

# सनावद एवं बड़वाह क्षेत्र में नहरों में पानी छोड़ने से किसानों में हर्ष की लहर व्याप्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



सनावद एवं बड़वाह क्षेत्र में नहरों में पानी छोड़ने से किसानों में हर्ष की लहर व्याप्त है।नहरों में पानी आने के साथ ही किसानों ने खेतों में नगदी फसलों मिर्ची और कपास की बोनी प्रारंभ कर दी है।

उल्लेखनीय है कि किसानों ने विधायक सचिन बिरला से ओंकारेश्वर परियोजना बाईं तट की नहरों में नर्मदा का जल छोड़ने की मांग की थी। इस तारतम्य में विधायक ने मुख्य अभियंता निचली नर्मदा परियोजना,अधीक्षण यंत्री नर्मदा विकास मंडल क्रमांक-11खेड़ीघाट बड़वाह एवं कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-8 सनावद को पत्र प्रेषित कर ओंकारेश्वर परियोजना बाईं तट की नहरों में शीघ्र पानी छोड़ने की मांग की थी। पत्र में कहा गया था कि भीषण गर्मी के कारण जलस्त्रोत कुएं,बावड़ी और तालाब पूरी तरह सूख चुके है।

किसानों को खेतों में बोनी के लिए जल नहीं मिल पा रहा है और ग्रामों में पेयजल की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है और पशुधन और पक्षी भी पानी के लिए तरस रहे हैं। इसलिए नहरों में पानी छोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार विधायक ने बड़वाह क्षेत्र के किसानों के लिए ओंकारेश्वर नहर परियोजना की नहरों में नर्मदा का जल छोड़ने के लिए मुख्य अभियंता, , नर्मदा विकास मंडल क्रमांक-11 खेड़ीघाट बड़वाह एवं कार्यपालन यंत्री,नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-32 बड़वाह को पत्र लिखा था। इसके बाद ओंकारेश्वर नहर परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत नहरों में नर्मदा जल छोड़ दिया गया।

# सांसद ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी



शासकीय आदर्श महा विद्यालय, करी में मंगलवार को युवा संगम (रोजगार मेला) एवं सांसद अभियान हर ग्राम, एक काम (ग्रामहिते राष्ट्रहिते) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री गजेंद्रसिंह पटेल ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास एवं ग्राम विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें कौशल आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है और उनकी सक्रिय सहभागिता से गांवों में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सांसद पटेल द्वारा चलाये जा रहे सांसद अभियान हर ग्राम, एक कामज के उद्देश्य, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं ग्राम विकास में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। चयनित ग्रामों में सर्वे, जन-जागरूकता एवं विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कर ग्राम विकास को गति देने की बात भी कही गई। सांसद श्री पटेल ने कहा कि च्ग्रामहिते राष्ट्रहितम्ज की भावना के साथ चलाया जा रहा यह अभियान गांवों के समग्र विकास एवं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

# हर सप्ताह मिलेंगी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं

## विधायक की पहल से जलगांव के विशेषज्ञ डॉक्टर जिला अस्पताल में देंगे परामर्श

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के मरीजों के लिए राहत की खबर है। अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए इंदौर, मुंबई या जलगांव के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस की पहल पर अब जिला चिकित्सालय में हर सप्ताह सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### जलगांव मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर देंगे सेवाएं

श्रीमती चिटनिस के प्रयासों से महाराष्ट्र के जलगांव स्थित उल्हास पाटिल मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक अब प्रति सप्ताह बुरहानपुर जिला अस्पताल में मरीजों की जांच करेंगे। इनमें त्वचा रोग, नाक-कान-गला रोग, मानसिक रोग, हृदय रोग, किडनी रोग समेत अन्य विभागों के विशेषज्ञ शामिल हैं।

### मरीजों का बचता था हजारों का खर्च

अब तक जिले के मरीजों को विशेषज्ञ इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। वहां डॉक्टर की फीस, जांच, दवाइयां, यात्रा और रहने-खाने पर हजारों रुपये खर्च हो जाते थे। आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई मरीज तो खर्च के कारण समय पर इलाज नहीं करा पाते थे।

गत दिवस जिला चिकित्सालय में 3 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। बड़ी संख्या में मरीजों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मरीजों और परिजनों ने इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### हेल्प डेस्क से मिलेगी जानकारी

जिला चिकित्सालय प्रशासन ने बताया कि आने वाले समय में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या और सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहां से इलाज और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी ली जा सकती है।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि जिला अस्पताल को लगातार निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए थे। उसी का सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहा है। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।



## बैकुंठनाथ लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ प्रारंभ

**मंडलेश्वर।** अधिक मास के अवसर पर नर्मदा तट स्थित ब्राह्मण घाट पर सात दिवसीय बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ मंगलवार से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। उज्जैन के श्री श्री 1008 रामेश्वरदास फलाहारी महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में किए जा रहे महायज्ञ के पहले दिन सुबह मां नर्मदा का पूजन कर कलश यात्रा निकाली गई। ब्राह्मण घाट से कलश यात्रा शुरू हुई। जोकि काशी विश्वनाथ मंदिर, कहार मोहल्ला, राम मंदिर, राम घाट होते हुए पुनः आयोजन स्थल ब्राह्मण घाट यात्रा पहुंची। इस अवसर पर महंत राघवदास जी त्यागी हनुमान आश्रम चिनगुन (करही), गुलवाड़ वाले विजय रामदास महाराज, चोली के प्रीतमपुरी जी महाराज के अलावा कई संत आयोजन में शामिल हुए। श्री श्री 1008 रामेश्वरदास फलाहारी महाराज ने कहा अधिकमास में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। यह मास केवल धर्म-कर्म और ईष्ट आराधना हेतु है। सनातन परंपरा में इतने बड़े यज्ञ केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज, पर्यावरण की शुद्धि और विश्व शांति के लिए किए जाते हैं।



# भोपाल सुसाइड केस के बाद कंगना रनोट की सलाह

## लड़कियां शादी से पहले करियर को जरूरी समझें, पहले आत्मनिर्भर बनें

एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने देश में सामने आ रहे दहेज उत्पीड़न और सुसाइड के मामलों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। भोपाल में एक 33 साल की महिला की संदिग्ध मौत के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर महिलाओं के लिए एक लंबा पोस्ट लिखा।

कंगना ने युवा महिलाओं को सलाह दी है कि वे शादी से पहले अपने करियर और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दें। उन्होंने समाज पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय समाज शादी के बाद बेटियों को उनके हाल पर छोड़ देता है।

सोशल मीडिया पर दी करियर बनाने की सलाह कंगना रनोट ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि हर दिन शादीशुदा युवा महिलाओं से संबंधित दुखद खबरें सामने आ रही हैं। कई शिक्षित महिलाएं इस दम घोंटू माहौल से निकलने के लिए अपने माता-पिता से मदद मांगती हैं, लेकिन हमारा समाज शादी के बाद बेटियों का साथ छोड़ देता है। कंगना ने कहा कि सोशल मीडिया या शादी-मेकअप इंडस्ट्री महिलाओं को यह बात नहीं सिखाएगी, लेकिन आपका करियर आपकी लाइफ में सबसे ज्यादा जरूरी है। खुद की हीरो खुद बनें महिलाएं अपनी पोस्ट में कंगना ने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने की अपील की। उन्होंने लिखा कि जब आप पूरी तरह से स्वतंत्र हो जाएं, तभी शादी के बारे में सोचें। आपको खुद अपनी हीरो बनना होगा क्योंकि कोई भी आपको बचाने नहीं आएगा।

# पंजाबी सिंगर की हत्या, लाश नहर में मिली

## कनाडा से आया कातिल, लुधियाना से गनपॉइंट पर किडनैप किया, गोली मारी





पंजाब के लुधियाना में पंजाबी सिंगर इंदर कौर उर्फ यशइंदर कौर (29) की हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह 11 बजे उनका शव नीलो नहर में मिला। इंदर को 6 दिन पहले गन गनपॉइंट पर किडनैप किया गया था, जिसके बाद से परिवार लगातार उनकी तलाश में जुटा हुआ था। भाई ने बताया कि उसकी बहन मोगा के एक युवक से शादी करना चाहती थी। युवक पहले से शादीशुदा था, इसलिए उसने शादी से इनकार कर दिया। शादी का दवाब बनाने पर वह कनाडा से नेपाल के रास्ते पंजाब आया और इंदर को अगवा कर लिया। इसके बाद उसने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

शरीर पर गोली का निशान है। वारदात के बाद आरोपी नेपाल के रास्ते ही वापस कनाडा भाग गया। भाई ने बताया दोनों की 5 साल पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। पुलिस ने इंदर के शव को नहर से बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए समराला के सिविल अस्पताल में भेज दिया है। इंदर के माता-पिता और दो भाई कोरिया में रहते हैं। जबकि उसका एक भाई लुधियाना के जमालपुर में रहता है। आरोपी के पिता और दोस्त करमजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ चल रही है।

- **बाजार से घर का राशन-पानी लेने गई थी-** सिंगर के भाई जोतइंदर सिंह ने कहा कि इंदर कौर 13 मई को रात करीब साढ़े 6 बजे अपनी सफेद रंग की फोर्ड फिगो कार लेकर घर का राशन-पानी (ग्रॉसरी) लेने बाजार निकली थी। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। जब बहन वापस नहीं आई तो परिवार वालों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू की।
- छानबीन के दौरान उन्हें पता चला कि यशइंदर की दोस्ती सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा नाम के युवक से थी, जो मूल रूप से मोगा का रहने वाला है। लेकिन अभी अपने परिवार के साथ कनाडा में रहता है।
- 13 मई की रात को सुक्खा, उसके पिता प्रीतम सिंह, उसके दोस्त करमजीत सिंह और कुछ अन्य अज्ञात साथियों ने मिलकर यशइंदर को गनपॉइंट पर जान से मारने की नीयत से अगवा कर लिया था।



- **कनाडा से नेपाल के रास्ते पंजाब आया आरोपी-** भाई ने कहा कि यशइंदर कौर सुक्खा पर शादी करने का दबाव बना रही थी। सुक्खा पहले से ही शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं, इसलिए वह इस शादी के लिए साफ मना कर रहा था। शादी का दवाब बनाने पर सुक्खा ने यशंइदर को मारने की प्लानिंग बनाई। इसमें उसके पिता ने भी साथ दिया। आरोपी कनाडा से नेपाल के रास्ते पंजाब आया था। मोगा से वह दो टैक्सियां किराए पर लेकर आया।
- यहां आकर उसने उसकी बहन को गनपॉइंट पर किडनैप किया। इसके बाद सुक्खा ने नहर के किनारे बहन की हत्या की और फिर से नेपाल के रास्ते कनाडा भाग गया।
- **5 साल पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी-** भाई ने बताया कि पांच साल पहले इंदर कौर ने सिंगिंग छोड़ दी थी और अब बुटीक व मेकअप आर्टिस्ट का काम कर रही थी। बहन और सुक्खा की इंस्टाग्राम पर पिछले 5 साल से दोस्ती थी। वो घर आता जाता रहता था। उसका कनाडा में कंस्ट्रक्शन का काम था। मेरी भी उससे बातचीत होती रहती थी। 13 मई को आखिरी बार 10 बजे रात को इंदर कौर से बात हुई। उसने कहा कि मैं घर आ रही हूं। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। उसके बाद नहीं पता कि क्या हो गया। हालांकि पहले भाई ने पुलिस को बताया था कि सुक्खा बहन पर शादी करने के लिए दवाब बना रहा था। मना करने पर उसने बहन की हत्या की।

### इंदर के जन्मदिन पर भी आया था आरोपी

रिश्तेदार और पूर्व पार्षद जसपाल सिंह ग्यासपुरा ने बताया कि 13 जनवरी को इंदर के जन्मदिन पर सुखविंदर आया था। मार्च में उसने इंदर से शादी करने का वादा किया था। लेकिन बाद में कहने लगा कि कुछ समय बाद शादी करेंगे। बाद में परिवार को पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं।

उन्होंने बताया कि सुखविंदर कनाडा के कैलगरी में रहता है और वहां का ढफहोल्डर है। उसकी उम्र 37 साल है। जसपाल सिंह ने कहा कि सुखविंदर ने ही इंदर की हत्या की है।

### पुलिस ने कार और शव दोनों बरामद किए

उन्होंने कहा कि पुलिस ने कार और शव दोनों बरामद कर लिए हैं, जबकि दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। किडनैपिंग वाली बात नहीं है। सुखविंदर ने कहा कि वो विदेश जा रहा है, तो इंदर उसे अपनी कार से छोड़ने जा रही थी। रास्ते में दोनों में क्या हुआ, पता नहीं।

### इंदर कौर की कार से गोली का खोल मिला

इंदर की कार से गोली का एक खोल बरामद किया गया है। परिवार के मुताबिक इंदर के शरीर पर गोली के निशान भी मिले हैं। हालांकि पुलिस अभी इस बारे में कुछ भी नहीं कह रही है। कार से खोल मिलने की पुष्टि एसीपी जसविंदर सिंह ने भी की है। उनका कहना है कि हत्या गोली मारकर की गई है या अन्य तरीके से, इसकी पुष्टि कल पोस्टमॉर्टम के बाद ही हो पाएगी।

### कल कार मिली थी आज लाश मिली

एसीपी इंद्रजीत बोपाराय ने कहा कि जमालपुर थाने में सिंगर के भाई जोतइंदर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच की तो नीलो नहर में कल लड़की की कार मिली, इसके बाद मंगलवार (19 मई) को कार से 10 किलोमीटर दूर उसकी लाश मिली। इस मामले में धाराओं को बढ़ाया जाएगा। गनपॉइंट पर किडनैप किया या नहीं इसकी जांच की जा रही है। सुखविंदर सिंह अभी गिरफ्तार नहीं हुआ है। सुखविंदर सिंह एनआरआई है।

## नानावटी अस्पताल के ए-विंग में 2 दिनों से हैं भर्ती, अभिषेक बच्चन भी हाल जानने हॉस्पिटल पहुंचे

# 83 साल के अमिताभ बच्चन अस्पताल में भर्ती हुए

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती हैं। पत्रकार विक्की ललवानी ने यूट्यूब अकाउंट से दावा किया है कि उन्हें 16 मई को भर्ती करवाया गया है। वो अस्पताल के ए-विंग में हैं। यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में विक्की ललवानी ने बताया है कि वो खबर कन्फर्म करने खुद नानावटी अस्पताल पहुंचे थे, जहां उन्हें खबर की कन्फर्मेशन मिली। बिग बी को ए-विंग, तीसरी मंजिल में रखा गया है। उन्होंने ये भी दावा किया है कि अभिषेक बच्चन भी पिता को देखने मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे अस्पताल पहुंचे थे। विक्की ललवानी के अनुसार, अमिताभ बच्चन लंबे समय से पेट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

**उनकी तबीयत बहुत खराब है- डायरेक्टर विवेक शर्मा-** खबर की पुष्टि करने के लिए डायरेक्टर विवेक शर्मा से बातचीत की तो उन्होंने कहा, उनकी तबीयत बहुत खराब है। मैंने दो हफ्ते पहले उनसे समय मांगा था मिलने का, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल इसकी इजाजत नहीं है। तो कन्फर्म हो गया था कि या तो वो हॉस्पिटल में हैं या डॉक्टर्स की निगरानी में हैं। मुझे लगता है कि उनकी तबीयत काफी खराब है।



इसके अलावा परिवार के करीबी सूत्र का कहना है कि अमिताभ बच्चन को रूटीन चेकअप के चलते भर्ती करवाया गया है।

**बिग बी का 75% लिवर है खराब-** 83 साल के बिग बी सिर्फ 25% लिवर पर ही जिंदा हैं, उनका 75% लिवर खराब है। कुली के सेट पर हुए हादसे के बाद डॉक्टर्स क्लिनिकली मरा हुआ घोषित कर चुके हैं।

**3-4 घंटे जिंदा रहना भी मुश्किल था, वो दर्द अमिताभ ने 4 दिन झेला-** 26 जुलाई 1982 को अमिताभ बच्चन फिल्म कुली के लिए एक एक्शन सीक्वेंस शूट कर रहे थे। शॉट की डिमांड के अनुसार पुनीत इस्सर को अमिताभ को मुक्का मारना था और उन्हें टेबल पर जाकर गिरना था। ये काम बॉडी डबल का था, लेकिन अमिताभ ने परफेक्शन के लिए खुद इसे शूट किया। मुक्का तेज लगा जिससे टेबल का एक कोना अमिताभ के पेट पर लग गया। खून नहीं आया था, लेकिन दर्द से बिग बी का बुरा हाल था। अस्पताल गए तो डॉक्टर्स सही कारण नहीं समझ सके। पेन किलर के सहारे बिग बी ने दो दिन काटे, लेकिन जब दर्द बंद नहीं हुआ तो फिर उन्हें बेंगलुरु के सेंट फिलोमेना हॉस्पिटल में एडमिट किया गया।

**डॉक्टर्स भी दे चुके थे जवाब-** एक्स-रे हुआ लेकिन अब भी सही कारण नहीं पता चल सका। कई टेस्ट हुए, लेकिन जब चोट का ही पता नहीं चला तो इलाज कैसे होता। तीसरे दिन जब दर्द असहनीय हुई तो डॉक्टर्स ने दोबारा एक्स-रे कर इसे बारीकी से एग्जामिन किया। देखा कि एक्स-रे में डायफ्राम के नीचे गैस दिख रही थी, जो लीकेज का संकेत थी। दरअसल चोट लगने से अमिताभ की अंतड़ियां फंट गई थीं और सही समय पर इलाज न मिलने पर इंफेक्शन फैल चुका था। चौथे दिन जाने माने सर्जन एच.एस.भाटिया ने अमिताभ का केस देखा और तुरंत ऑपरेशन का सुझाव दिया। ऑपरेशन से पहले अमिताभ को 102 बुखार हो गया और उनकी हार्टबीट 72 की जगह 180 हो गई। ऑपरेशन हुआ तो देखा कि अंदर से आंतें फंट चुकी हैं। ऐसी कंडीशन में 3-4 घंटे जिंदा रहना भी मुश्किल था, लेकिन वो 4 दिनों से जूझ रहे थे। चौथे दिन बिग बी कोमा में चले गए। दो ऑपरेशन हुए और दो महीनों तक उन्हें हॉस्पिटल में रखा गया।

**पहले ही अस्थमा, लिवर प्रॉब्लम और निमोनिया से जूझ रहे थे बिग बी-** हादसे से पहले ही अमिताभ बच्चन को लिवर की समस्या थी और साथ ही वो अस्थमैटिक भी थे। ऑपरेशन के अगले ही दिन उन्हें निमोनिया हुआ जिससे हालत और बिगड़ गई। बैंगलोर में इलाज के बाद उन्हें एयरबस से मुंबई लाया गया था। क्रेन से उन्हें ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में स्ट्रेचर पर शिफ्ट किया गया था। 8 अगस्त को उनका दोबारा ऑपरेशन हुआ। अस्पताल के बाहर उनके चाहने वालों की चौबीसो घंटे भीड़ रहती थी। पूरे देश में कहीं पूजा करवाई जा रही थी तो कहीं यज्ञ। जया बच्चन खुद भी अमिताभ की सलामती के लिए सिद्धि विनायक गई थीं, लेकिन जब वो पहुंचीं तो देखा कि उनसे पहले ही कई लोग बिग बी के लिए वहां पूजा कर रहे थे। लोगों की दुआएं रंग लाईं।

### आईपीएल का समीकरण- राजस्थान टॉप-4 में पहुंची: मुंबई से जीत टीम को प्लेऑफ में पहुंचा देगी

# कोलकाता के लिए करो या मरो का मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




आईपीएल 2026 के लीग स्टेज में सिर्फ 6 मैच बाकी हैं। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हराकर पॉइंट्स टेबल के टॉप-4 में जगह बना ली। टीम के 13 मैचों में अब 14 पॉइंट्स हो गए हैं।

राजस्थान का आखिरी लीग मुकाबला 24 मई को मुंबई इंडियंस से है। उस मैच में जीत टीम को प्लेऑफ का टिकट दिला सकती है। दूसरी ओर, लखनऊ को सीजन की 9वीं हार मिली। टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थी। लखनऊ 13 मैचों में 8 पॉइंट्स के साथ आखिरी स्थान पर है।

**राजस्थान की टॉप-4 में एंट्री-** लखनऊ पर जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को पीछे छोड़ दिया। टीम के अब 14 पॉइंट्स हो गए हैं। राजस्थान को अपना आखिरी मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। जीत मिलने पर टीम 16 पॉइंट्स तक पहुंच जाएगी और प्लेऑफ में जगह पक्की कर लेगी।

**कोलकाता के लिए आज जीत जरूरी-** कोलकाता नाइट राइडर्स 11 पॉइंट्स के साथ आठवें स्थान पर है। टीम का मुकाबला आज मुंबई इंडियंस से है। प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए कोलकाता को यह मैच हर हाल में जीतना होगा। हार के साथ टीम की उम्मीदें लगभग खत्म हो जाएंगी।

**पंजाब पांचवें स्थान पर खिसकी-** पंजाब किंग्स अब 13 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गई है। टीम लगातार 6 मुकाबले हार चुकी है। पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए लखनऊ के खिलाफ आखिरी मैच हर हाल में जीतना होगा। साथ ही राजस्थान और मुंबई के मैच में राजस्थान के हारने की दुआ भी करनी होगी।

**बेंगलुरु टॉप पर कायम-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 18 पॉइंट्स और +1.065 नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है। टीम पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है और उसका क्वालिफायर-1 खेलना लगभग तय माना जा रहा है। फ्छ का आखिरी लीग मैच सनराइजर्स हैदराबाद से है।

**गुजरात और हैदराबाद में टॉप-2 की जंग-** सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर अपने साथ गुजरात टाइटंस की भी प्लेऑफ में जगह पक्की करा दी। दोनों टीमों के 16-16 पॉइंट्स हैं और वे दूसरे और तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। गुजरात का आखिरी लीग मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा, जबकि हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना करना है। दोनों टीमें की नजर अब टॉप-2 में जगह बनाकर क्वालिफायर-1 खेलने पर होगी।

**चेन्नई और दिल्ली की राह मुश्किल-** चेन्नई सुपर किंग्स 12 पॉइंट्स के साथ छठे स्थान पर है। टीम का आखिरी मुकाबला गुजरात से है। सीएसके को प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए यह मैच बड़े अंतर से जीतना होगा। दिल्ली कैपिटल्स भी 12 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर है। टीम का नेट रनरेट (-0.871) काफी खराब है। दिल्ली को कोलकाता के खिलाफ जीत के साथ दूसरी टीमों के नतीजों का भी इंतजार करना पड़ेगा।

**मुंबई और लखनऊ पहले ही बाहर-** मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। मुंबई के 8 पॉइंट्स हैं, जबकि लखनऊ भी 8 अंक के साथ आखिरी स्थान पर है।

**सूर्यवंशी ऑरेंज कैप होल्डर बने-** राजस्थान रॉयल्स के युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके 13 मैचों में 579 रन हो गए हैं और उन्होंने हेनरिक क्लासन को पीछे छोड़कर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। सूर्यवंशी इस सीजन 236.32 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 1 शतक, 3 अर्धशतक और 53 छक्के लगाए हैं, जो इस सीजन सबसे ज्यादा हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श 563 रन के साथ दूसरे, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासन 555 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

**भुवनेश्वर के पास पर्पल कैप बरकरार-**



बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 24 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के कगिसो रबाडा 21 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई के अंशुल कम्बोज 20 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर बने हुए हैं।

### सूर्यवंशी ने रसेल का रिकॉर्ड तोड़ा

## एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे बैटर




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 64वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर में खेले गए मैच में वैभव सूर्यवंशी ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। मंगलवार को वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे बैटर बन गए। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव ने बतौर भारतीय एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बना डाले। उनके नाम अब 426 रन हो गए हैं।

**वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन पावरप्ले में 426 रन बनाए-** वैभव आईपीएल के एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस सीजन पावरप्ले में 426 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेविड वॉर्नर नंबर-1 पर हैं। वॉर्नर ने 2016 में पावरप्ले में 467 रन बनाए थे।

**सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज-** वैभव एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस सीजन अब तक 53 सिक्स लगाए हैं। वैभव ने आंद्रे रसल (52 सिक्स) को पीछे छोड़ा। इस सूची में पहले नंबर पर क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2012 में बेंगलुरु के लिए 59 छक्के लगाए थे।

**सूर्यवंशी ने तीसरी बार इनिंग में 10+ सिक्स लगाए-** वैभव आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा 10 या इससे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ 10 या इससे ज्यादा सिक्स लगाए।












## अमेरिका-ईरान तनाव घटने से

# सोने में 800 रुपये का उछाल, चांदी 5000 रुपये लुढ़की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

अमेरिका-ईरान तनाव कम होने से दिल्ली में सोने के दाम 800 रुपये बढ़कर 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए, जबकि चांदी 5000 रुपये गिरकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। भू-राजनीतिक स्थिरता और मोलभाव करके खरीदारी ने सोने को सहारा दिया, लेकिन वैश्विक ब्याज दरों की अनिश्चितता बनी हुई है।

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने के दाम 800 रुपये बढ़ गए। अमेरिका-ईरान तनाव कम होने से खरीदारी को बढ़ावा मिला। हालांकि, चांदी की कीमतों में 5000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। स्थानीय बाजार के कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह सोमवार के बंद भाव 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 800 रुपये अधिक है। दूसरी ओर, चांदी की कीमतें 5,000 रुपये घटकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

औद्योगिक मांग में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में सुस्त रुझान के कारण चांदी में यह गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदों से सोने को समर्थन मिला। इससे ऊर्जा-आधारित महंगाई के दबाव को कम करने में मदद मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर सैन्य हमले को स्थगित करने की बात कही थी। इससे राजनयिक समाधान की संभावना बढ़ी। भू-राजनीतिक तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में भी थोड़ी कमी आई।

## ईरान संकट शुरू होने के बाद रूसी तेल और ब्रेंट क्रूड के बीच कीमतों का अंतर

# बाजार में आएगा रूस का तेल, चुकानी होगी ऊंची कीमत




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान संकट शुरू होने के बाद रूसी तेल और ब्रेंट क्रूड के बीच कीमतों का अंतर अब काफी कम रह गया है। मंगलवार को रूसी उराल 101-102 डॉलर और ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। युद्ध से पहले फरवरी में रूसी उराल 55 डॉलर और ब्रेंट क्रूड का भाव 70 डॉलर के आसपास था।

दुनियाभर में तेल की ऊंची कीमतों से निपटने के लिए अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने की मंजूरी एक महीने और बढ़ा दी है। अमेरिका के वित्त विभाग के दस्तावेजों के मुताबिक, यह अनुमति उन रूसी पेट्रोलियम उत्पादों पर लागू होगी, जो इस समय जहाजों पर लादे जा चुके हैं। अमेरिका के इस कदम से भारत सहित अन्य देशों को समुद्र में फंसे रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिलेगी, लेकिन इसके लिए ऊंची कीमत चुकानी होगी। सीबीएस न्यूज के मुताबिक, वर्तमान में दुनियाभर के समुद्रों में करीब 12.4 करोड़ बैरल रूसी तेल मौजूद है। रूसी तेल से आपूर्ति जरूर बढ़ेगी, लेकिन कीमतों पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। समुद्रों में रूस का 12 करोड़ बैरल तेल मौजूद है, लेकिन यह तेल की महज एक दिन की वैश्विक मांग (10.4 करोड़ प्रतिदिन) से कम है।

डच बैंक आईएनजी में कमोडिटीज स्ट्रेटेजी के हेड वारेन पैटरसन ने कहा, अमेरिका के इस कदम से आपूर्ति में रुकावट की पूरी भरपाई नहीं होगी। तेल बाजार के लिए सिर्फ एक ही समाधान है...होर्मुज से आपूर्ति फिर से सुचारू रूप से शुरू हो। इस नए उपलब्ध रूसी तेल को खरीदने की सर्वाधिक संभावना भारत और अन्य एशियाई देशों की है।

**रूस को लाभ नहीं-** अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा, इस अल्पकालिक छूट से रूस को कोई वित्तीय लाभ नहीं होगा, क्योंकि वह अपनी ऊर्जा का अधिकांश राजस्व पॉइंट ऑफ एक्सट्रैक्शन (जहां से तेल निकलता है) पर लगने वाले टैक्स से प्राप्त करता है।

**घट रहा रूसी उराल और ब्रेंट क्रूड में अंतर-** ईरान संकट शुरू होने के बाद रूसी तेल और ब्रेंट क्रूड के बीच कीमतों का अंतर अब काफी कम रह गया है। मंगलवार को रूसी उराल 101-102 डॉलर और ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। युद्ध से पहले फरवरी में रूसी उराल 55 डॉलर और ब्रेंट क्रूड का भाव 70 डॉलर के आसपास था। रूसी तेल और ब्रेंट क्रूड के बीच अंतर अब सिर्फ 8 डॉलर का रह गया है, जो युद्ध से पहले 15 डॉलर प्रति बैरल का था। इस तरह देखा जाए, तो रूसी तेल बाजार में आएगा तो, लेकिन पहले की तरह सस्ता नहीं मिलेगा।

### भारत के लिए मायने... अल्पकालिक जोखिम घटेगा

भारत को उम्मीद है कि जो अतिरिक्त रूसी तेल बाजार में उपलब्ध होगा, उसे खरीदा जा सकता है। इससे भारत और बाकी देशों को थोड़ी राहत मिल सकती है। इससे अल्पकालिक आपूर्ति का जोखिम कम होगा। रूस भारत के लिए सस्ते तेल का एक प्रमुख स्रोत बना हुआ है। यह छूट जब तक जारी रहेगी, तब तक रिफाइनरियां कम कानूनी जोखिमों के साथ मौजूदा व्यापार प्रवाह को बनाए रख सकेंगी। भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि उसके पास जरूरतों के लिए पर्याप्त तेल हो। साथ ही, वह पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से जुड़े नियमों का भी पालन कर रहा है। यह छूट भारत को उन प्रतिबंधों से सीधे टकराए बिना रूसी तेल खरीदना जारी रखने में मदद करेगी।

## स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

# 25-26 मई को देशव्यापी हड़ताल का एलान




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

एसबीआई कर्मचारियों ने कोलकाता में 16 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना दिया। फेडरेशन ने 25 और 26 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। भर्ती, बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और रिक्त पद भरने की मांगें शामिल हैं। ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने सोमवार को एक प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय के सामने धरना दिया। यह धरना 16 सूत्री मांगों को लेकर आयोजित किया गया था। फेडरेशन ने 25 और 26 मई को भारतीय स्टेट बैंक में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का भी आह्वान किया है।
सोमवार का यह आंदोलन फेडरेशन द्वारा पिछले सप्ताह शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला का हिस्सा था। यूनियन नेताओं के अनुसार, धरने में 100 से अधिक कर्मचारी शामिल हुए। फेडरेशन की कोलकाता सर्किल इकाई के नेताओं ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपनी मांगों के पीछे के औचित्य को समझाया। सदस्यों से आने वाले दिनों में एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा गया। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के मुद्दों को सुलझाने के द्विपक्षीय तंत्र संतोषजनक नहीं हैं। उन्होंने समझौतों के गलत कार्यान्वयन या गैर-कार्यान्वयन का दावा किया। यूनियन ने बीमा उत्पादों की बड़े पैमाने पर गलत बिक्री का भी आरोप लगाया।
**क्या हैं कर्मचारियों के संगठन की मांगें-** फेडरेशन की 16 सूत्री मांगों में उप-कर्मचारियों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती शामिल है। बीमा उत्पादों की गलत बिक्री को रोकना भी एक मुख्य मांग है। साथ ही, कर्मचारियों के रिक्त पदों को तुरंत भरने की मांग की गई है। लक्ष्य और व्यावसायिक दबाव के कारण ग्राहकों को अनुपयुक्त उत्पाद बेचे जाने का आरोप है।

## ग्रीन एनर्जी के लिए बना नॉर्थ स्टार प्लेटफॉर्म, 28.91 अरब का निवेश

# भारत के लिए यूके-डेनमार्क का मेगा प्लान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत के 2030 तक 500 गीगावाट ग्रीन एनर्जी और 2070 तक नेट-जीरो के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यूके और डेनमार्क ने मिलकर 300 मिलियन डॉलर यानी 28.91 अरब का 'नॉर्थ स्टार' प्लेटफॉर्म बनाया है। यह बड़ा निवेश भारत में सालाना चार मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को कम करके स्वच्छ ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा।

भारत में पर्यावरण अनुकूल और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटेन और डेनमार्क ने एक बड़ा वैश्विक गठबंधन किया है। ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई) और डेनमार्क के ग्लोबल फंड मैनेजर कोपेनहेगन इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स ने हाथ मिलाया है। दोनों ने मिलकर 'नॉर्थ स्टार' नाम के एक रिन्यूएबल एनर्जी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। 300 मिलियन डॉलर यानी करीब 28.91 अरब के इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य भारत में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइब्रिड और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में निवेश करना है। दोनों संस्थान इस प्लेटफॉर्म में 150-150 मिलियन डॉलर का योगदान देंगे। इससे भारत में हरित परियोजनाओं के लिए जरूरी फंड की कमी को पूरा किया जा सकेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त निजी पूंजी को भी आकर्षित किया जाएगा।

**ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स की पहली बड़ी पहल-** यह रणनीतिक निवेश पिछले महीने बीआईआई की ओर से शुरू की गई 1.1 बिलियन पाउंड की ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स (बीसीपी) पहल का पहला हिस्सा है। यह पहल बीआईआई की नई पांच वर्षीय रणनीति का एक प्रमुख अंग है। बीआईआई के प्रबंध निदेशक और एशिया इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रमुख रोहित आनंद ने बताया कि ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स का उद्देश्य बड़े पैमाने पर संस्थागत पूंजी जुटाना है। यह पूंजी भारत सहित विकासशील एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में ऊर्जा संक्रमण की रफ्तार तेज करेगी। इन क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत और अवसर दोनों ही सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि 'नॉर्थ स्टार' की शुरूआत भारत के मजबूत रिन्यूएबल ग्रोथ और सहायक सरकारी नीतियों को दशार्ती है। यहां स्वच्छ ऊर्जा का तेजी से विस्तार करने में उत्प्रेरक पूंजी बड़ी भूमिका निभाएगी।

### हर साल कम होगा 40 लाख टन कार्बन उत्सर्जन

'नॉर्थ स्टार' प्लेटफॉर्म से भारत के पर्यावरण को बहुत बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। इस परियोजना के जरिए सालाना चार मिलियन मेगावाट-घंटे से अधिक स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही यह प्रोजेक्ट हर साल लगभग चार मिलियन टन (40 लाख टन) कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मददगार साबित होगा। सीआईपी के ग्रोथ मार्केट्स फंड्स के पार्टनर पीटर जेनिक सजोनटॉफ्ट ने भारत को वैश्विक स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी का सबसे महत्वपूर्ण बाजार बताया। उन्होंने कहा कि बीआईआई के साथ इस साझेदारी से वे भारत में अपने मौजूदा निवेश को और आगे बढ़ाएंगे। यह तालमेल स्थानीय अंतर्दृष्टि और वैश्विक निवेश विशेषज्ञता को एक साथ लाएगा। बीआईआई का ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स (बीसीपी) कार्यक्रम एशिया की तेजी से बढ़ती और कोयले पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं में जलवायु समाधानों के लिए संस्थागत पूंजी जुटाने के लिए बना है।

## मंत्री बोले- परीक्षण पूरा

# ईपीएफओ सदस्य अब यूपीआई से से निकाल सकेंगे भविष्य निधि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईपीएफओ सदस्य अब यूपीआई के माध्यम से अपना भविष्य निधि पैसा सीधे बैंक खातों में निकाल सकेंगे। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि इस सुविधा का परीक्षण पूरा हो गया है। ईपीएफओ व्हाट्सएप सेवाओं और मुकदमेबाजी में कमी जैसी कई पहल कर रहा है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्य जल्द ही एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से अपना कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पैसा सीधे बैंक खातों में निकाल सकेंगे। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि इस सुविधा का परीक्षण पूरा हो गया है। ईपीएफओ सेवा गुणवत्ता सुधारने को कई पहल कर रहा है।

मंत्री ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि यूपीआई भुगतान गेटवे का उपयोग करके ईपीएफ निकालने की सुविधा का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। निकाली गई राशि सीधे सदस्य के बैंक खाते में जाएगी। सदस्य अपने बैंक खातों में हस्तांतरित करने के लिए पात्र ईपीएफ शेष देख सकेंगे। सुरक्षित हस्तांतरण के लिए वे अपने लिंक किए गए यूपीआई व्यक्तिगत पहचान संख्या (पिन) का उपयोग कर पाएंगे। वर्तमान में, ईपीएफओ सदस्यों को पैसा निकालने के लिए दावा आवेदन करना पड़ता है, जो समय लेने वाला है। स्वतः निपटान प्रणाली के तहत, निकासी के दावे आवेदन दाखिल करने के तीन दिनों के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप से निपटाए जाते हैं। इस स्वतः निपटान प्रणाली की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई है। यह सदस्यों को बीमारी, शिक्षा, विवाह और आवास जैसे उद्देश्यों के लिए तीन दिनों में ईपीएफ पैसा प्राप्त करने में मदद करता है। ईपीएफओ सदस्यों तक पहुंच बढ़ाने और सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए संदेश सेवा व्हाट्सएप का उपयोग कर रहा है। सदस्य ईपीएफओ के पंजीकृत व्हाट्सएप नंबर पर 'नमस्ते' टाइप करके बातचीत शुरू कर सकते हैं। सभी संचार स्थानीय भाषा में होंगे, जिससे सदस्यों को अपनी भाषा में ईपीएफओ से जुड़ने में सुविधा मिलेगी।


CORBETT COUNTY
JIM CORBETT'S FIRST RERA-APPROVED RESIDENCES
CORBETT COUNTY
WHERE NATURE MEETS MODERN LIVING
MANAGED BY
BW Best Western Hotels & Resorts
BELVOIR REALTY
VILLAS STARTING AT
₹1.40Cr
ONWARDS
Fully Furnished
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
NATURE AT YOUR DOORSTEP
SCENIC MOUNTAIN VIEWS
RERA-APPROVED & SECURE INVESTMENT
BAIL PARAO, NAINITAL UTTARAKHAND
Book Now- +91 85950 07767


MARKETED BY:
SOS INFRABULLS
MAHANTA GROUP
INDORE-UJJAIN ROAD की
RERA APPROVED
प्रॉपर्टी का बुफ़े
यहाँ मिलेगें आपको एक ही छत के नीचे अनेक ऑप्शन्स!
12 लाख से 50 लाख
तक के प्लॉट्स
VISIT:- 405, शगुन टॉवर अपना स्वीट्स, विजय नगर इंदौर
गूंजन श्रीवास्तव Mob.98363 96368

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | ख्रे | जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौं | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ग्लैमर और मॉडलिंग में पहचान बना चुकी थी ट्विशा

# तेलुगु और शॉर्ट फिल्मों की, मल्टीनेशनल एड भी शूट किए;



**भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा डेथ केस में हर दिन नए खुलासे सामने आ रहे हैं। जिस ट्विशा को अब तक लोग केवल रिटायर्ड जज की बहू और एक एडवोकेट की पत्नी के रूप में जानते थे, उसकी जिंदगी का दूसरा चेहरा अब सामने आया है। ग्लैमर और मॉडलिंग की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकी ट्विशा कभी मल्टीनेशनल ब्रांड्स का चेहरा रही थी। तेलुगु फिल्मों में अभिनय, मिस पुणे का खिताब और मॉडलिंग की चमक-दमक के बीच उसने अपनी अलग पहचान बनाई थी, लेकिन उसकी जिंदगी का अंत बेहद दर्दनाक परिस्थितियों में हुआ। राजधानी के बागमुगलिया एक्सटेंशन में हुई ट्विशा शर्मा की आत्महत्या के मामले में 8 दिन बाद भी परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए शव लेने से इनकार कर दिया है। इधर, पूर्व जज गिरीबाला सिंह द्वारा ट्विशा को ड्रग एडिक्ट बताए जाने पर मायके पक्ष ने इसे मृतक का चरित्र हनन करार दिया है।**

# कॉर्पोरेट सेक्टर में की एंट्री



## ट्विशा की करियर प्रोफाइल

- 2009-2012 से ट्विशा शर्मा ने मॉडलिंग शुरू की।
- 2012 में मिस पुणे का खिताब जीता।
- मिस पुणे बनने के बाद विज्ञापन एवं मॉडलिंग के अवसर मिले।
- Dove और L'Oréal जैसे ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी काम किया।
- डीएडीबी जर्मन अकादमी डिजिटल एजुकेशन में कम्युनिकेशन एन्ड ऑन बोर्डिंग मैनेजर रहीं।
- जुलाई 2014 से अप्रैल 2020 तक फ्लावर पॉट एन्ड फूड में मार्केटिंग मैनेजर रही।
- सावित्री बाई फूले पूने यूनविर्सिटी से बीबीए से ग्रेजुएशन किया।
- NMIMS CDOE से डिस्टेंस एजुकेशन के माध्यम से एमबीए किया।

### तेलुगू मूवी से फिल्मी दुनिया में कदम

- **मुख्य फिल्म :** 2021 में रिलीज हुई फिल्म मुग्गुरू मोनागल्लू यह एक कॉमेडी-थ्रिलर फिल्म थी। इसमें ट्विशा प्रमुख कलाकार थीं।
- **शॉर्ट फिल्म :** 2018 में हिंदी शॉर्ट फिल्म 'जरा संभल के' में ट्विशा ने काम किया।
- 2018 (शॉर्ट फिल्म) से 2021 में (तेलुगु फिल्म रिलीज) तक मुख्य रूप से इस क्षेत्र में सक्रिय रहीं।

## ट्विशा मौत केस की टाइमलाइन



- **11 मई:** रात में ट्विशा की घर में फांसी पर लटकी लाश मिली।
- **12 मई:** सुबह एम्स भोपाल में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।
- **13 मई:** दोपहर में परिजन ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया।
- **13 मई देर रात:** पुलिस ने गिरीबाला और उनके बेटे समर्थ के खिलाफ FIR दर्ज की।
- **13 मई:** गिरीबाला सिंह की अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दायर किया गया।
- **14 मई:** शाम करीब 7 बजे कोर्ट ने जमानत मंजूर कर दी।
- **15 मई:** परिजन ने एम्स भोपाल की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मानने से इनकार कर दिया।
- **16 मई:** परिजन ने मामले की जांच दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर करने की मांग उठाई।
- **17 मई:** परिजन ने सीएम हाउस के बाहर धरना दिया।
- **17 मई देर रात:** शव देर रात तक एम्स की मॉर्च्युरी में ही रखा रहा।
- **18 मई:** भोपाल कोर्ट ने समर्थ की अग्रिम जमानत खारिज कर दी।




# मेरी बहन के बारे में टिप्पणी करने का अधिकार नहीं

ट्विशा के भाई हर्षित ने बताया कि हमें ऋफ्र दर्ज करवाने में तीन दिन से ज्यादा का समय लग गया। हमारी ऋफ्र आखिरकार 15 तारीख को सुबह 2:30 बजे दर्ज हुई। उससे भी पहले उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी दायर हो चुकी थी। यह सब उनकी तरफ से एक सोची-समझी साजिश लगती है। एक 'निहत्थी' महिला मेरे परिवार को धमकाने के लिए लोगों को भेज रही है। यह कहते हुए कि 30 आदमी मिलकर हमारी पिटाई करेंगे। 63 साल की महिला का 61 साल के व्यक्ति को धमकाना कैसे सही ठहराया जा सकता है।

## बहन ने सीसीटीवी फुटेज पर सवाल खड़े किए

ट्विशा की बहन नैना ने गिरीबाला सिंह के घर के वायरल सीसीटीवी फुटेज पर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि ट्विशा जब छत पर जा रही है, एकदम कूल नजर आ रही है। उसके हाथ में हैडफोन है, जहां फांसी लगाई वहां जिम है। वह एक्साइज करने के इरादे से वहां तक गई। फुटेज में केवल उसे ऊपर जाते दिखाया गया। दूसरे फुटेज में समर्थ सीढ़ियों पर लिटाकर ट्विशा को सीपीआर देता दिख रहा है, जो महज एक दिखावा है। इतनी फिक्र थी तो बहन को पास के प्राइवेट अस्पताल क्यों नहीं लेकर गए। बीच में जो कुछ हुआ उसके फुटेज क्यों सामने नहीं लाए गए।

## इधर, गिरीबाला बोली- मेरा अपमान कर रहे हैं

गिरीबाला सिंह ने बताया कि उनका पूरा परिवार देश सेवा में जुटा है। उनका एक बेटा विंग कमांडर तो दूसरा बेटा क्रिमिनल लॉयर है। उनके पति देश सेवा करते हुए शहीद हुए थे। शहीद की विधवा को अपमानित किया जा रहा है।

# कई ब्रांड्स में एड शूट किए

ट्विशा ने मॉडलिंग की दुनिया में आने के बाद कई नामी मल्टीनेशनल ब्रांड्स के लिए एड शूट किए थे। वह दो तेलुगु फिल्मों में भी प्रमुख भूमिका निभा चुकी थी। हालांकि अभिनय की दुनिया में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद ट्विशा ने एमबीए किया और कॉर्पोरेट सेक्टर में इंट्री की।

करीब दो साल तक कॉर्पोरेट सेक्टर में काम करने के दौरान उसकी मुलाकात मेट्रिमोनियल साइट के जरिए बाग मुगालिया एक्सटेंशन के रहने वाले समर्थ सिंह से हुई। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और दिसंबर 2025 में शादी हो गई। शादी के कुछ महीनों बाद ही उसकी जिंदगी विवादों और तनाव में घिर गई। अब हालात यह हैं कि ट्विशा का शव अंतिम संस्कार के इंतजार में रखा हुआ है, जबकि परिजन न्याय की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मामले में दहेज मृत्यु का केस दर्ज होने के बाद पूर्व जज गिरीबाला सिंह को 24 घंटे के भीतर जमानत मिल गई, जबकि मुख्य आरोपी समर्थ सिंह अब भी फरार है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है और उसकी तलाश में 6 टीमें जुटी हुई हैं।

## पिता बोले- हनीमून पर ही बेटी को पीटा था

ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने बताया कि समर्थ का बर्ताव हनीमून के समय से ठीक नहीं था। वह शुरू से ही क्रिमिनल माइंड का व्यक्ति था। हनीमून पर जाते समय भोपाल एयरपोर्ट पर ही उसने बेटी को धक्का दिया। हमें लगा आगे सब ठीक हो जाएगा, बेटी के बताने पर भी हमने एक्शन नहीं लिया। जबकि हम गलत थे, तमाम हरकतों को सहते रहे। नजर अंदाज करते रहे। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि रिटायर्ड जज मीडिया के सामने आकर सरेआम मृत लड़की के चरित्र पर कीचड़ उछालकर कानून का उल्लंघन कर रही हैं। श्यह अभी अग्रिम जमानत पर बाहर है और वह उस जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रही है। अब हमारी बेटी को इंसाफ दिलाने का समय आ गया है। उसकी मौत को इतने दिन बीत चुके हैं।

■ वर्ष-12 अंक-196 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 20 मई, 2026

## सुभाषितानि

विद्या शस्त्रं च शास्त्रं च द्वे विद्ये प्रतिपत्तये।
आद्या हास्याय वृद्धत्वे द्वितीयाद्रियते सदा।।

**भावार्थ** : शस्त्र और विज्ञान विद्या ये दो प्राप्य विद्याएं हैं। प्रवेश पुराना है और हमेशा के लिए सदाबहार है।

**ज्ञातिभि र्वण्टयते नैव चोरेणापि न नीयते।**
**दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम्।।**

**भावार्थ** : ज्ञान का रत्न एक महान धन है, जिसे विद्वान बांट नहीं सकते, जिसे चोर छीन नहीं सकते, और जिसका दान क्षय नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### भीडप्रबन्धनं कस्यापि

२००० तमे वर्षे २०२२ तमे वर्षे च विभिन्नेषु भगदड़-घटनासु कुलम् ३०७४ जनाः प्राणान् त्यक्तवन्तः। यदि अद्यत्वे अपि एषा मृतानां संख्या वर्धते तर्हि पूर्वदुःखदघटनाभ्यः कदापि पाठः न ज्ञातः इति कारणतः एव। भीडप्रबन्धनं कस्यापि आयोजनस्य उत्सवस्य वा सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णं घटकं भवति; तथापि तस्य विषये चर्चाः सामान्यतया पूर्वमेव दुर्घटनायाः अनन्तरमेव उत्पद्यन्ते। कठोरप्रवर्तनं अत्यावश्यकम्: बिहारे नव मृत्योः सूचनाः प्राप्ताः सर्वे महिलाः सन्ति। सम्प्रति अनेके व्यक्तिः गम्भीरस्थितौ सन्ति, अतः मृतानां संख्या अधिका भवितुम् अर्हति। एतादृशदुर्घटनानां शिकाराः असमानुपातिकरूपेण स्त्रियः, बालकाः, वृद्धाः च भवन्ति, यतः ते प्रायः आत्मरक्षणं कर्तुं वा स्वस्य निष्कासनं कर्तुं वा असमर्थाः भवन्ति यस्मिन् देशे तुल्यकालिकरूपेण लघुकार्यक्रमेभ्यः अपि सहस्राणि जनाः समागच्छन्ति, तस्मिन् देशे जनसमूहप्रबन्धनप्रोटोकॉलस्य कठोरप्रवर्तनं अत्यन्तं आवश्यकम् अस्ति अस्याः घटनायाः अनन्तरं सर्वोच्चन्यायालये जनहितविवादः दाखिलः यत् राजनैतिकसभासु, सभासु च भीडप्रबन्धनस्य मार्गदर्शिकाः निर्गन्तुं याचन्ते स्म तदनन्तरं न्यायालयेन एतत् सर्वकारस्य दायित्वम् इति घोषितम्। भीडप्रबन्धनम्: सार्वजनिकस्थानेषु जनसमूहस्य उफानस्य निवारणं सर्वदा एव एकं चुनौती आसीत्। यदा एकस्मिन् स्थाने समागमस्य जनानां संख्या अपेक्षिताम् अधिका भवति तदा लघुनिरीक्षणस्य अपि विनाशकारी परिणामः।

भारतस्य एआइ ड्रोन् काल भैरव यूरोपे प्रवेशः

## रक्षाप्रौद्योगिक्यां निर्मितः एकः नूतनः वैश्विकः गठबन्धनः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतस्य रक्षाक्षेत्रे, कृत्रिमबुद्धिक्षेत्रे च प्रमुखं वैश्विकं माइलस्टोन् प्राप्तम् अस्ति। भारतीय एआइ युद्धकम्पनी एफडब्ल्यूडीए शुक्रवासरे घोषितवती यत तस्याः स्वदेशीयरूपेण विकसितं स्वायत्तयुद्धविमानं काल भैरव इदानीं यूरोपे अपि निर्मितं भविष्यति। अस्य कृते कम्पनी इति पुर्तगाली रक्षाप्रौद्योगिकीसंस्थायाः सह रणनीतिकसाझेदारीम् अकरोत्। भारतस्य रक्षाप्रौद्योगिक्याः स्वदेशीयसैन्यनवीनीकरणस्य च प्रमुखं माइलस्टोन् इति एतत् सम्झौतां प्रशंस्यते। विशेषज्ञाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् भारते विकसितस्य एआइ-आधारितस्य युद्धविमानमञ्चस्य यूरोपीयरक्षानिर्माणजाले प्रथमवारं एकीकरणं कृतम् अस्ति

एषा साझेदारी तस्मिन् समये उद्भवति यदा भारतं वैश्विकरक्षानिर्यातकं रक्षानिर्माणस्य केन्द्रं च भवितुं तीव्रगत्या प्रगतिशीलः अस्ति। काल भैरव भारतस्य अग्रिमपीढीयाः स्वायत्तयुद्धव्यवस्थारूपेण दृश्यते। यूरोपे अस्य निर्माणस्य आरम्भः न केवलं भारतीयरक्षाप्रौद्योगिक्याः अन्तर्राष्ट्रीयस्थानं वर्धयिष्यति अपितु भारतस्य यूरोपस्य च रक्षासहकार्यस्य नूतना दिशां अपि प्रदास्यति।

समाचारानुसारं पुर्तगालीकम्पनी आधुनिकयुद्धविमानानाम् उन्नतसिमुलेशनप्रणालीविकासाय प्रसिद्धा अस्ति। कम्पनी पूर्वं इत्यादीनां युद्धविमानानाम् अनुकरणप्रौद्योगिकी विकसितवती अस्ति। अधुना, कम्पनी भारतीय काल भैरव परियोजनायां अनुकरणप्रौद्योगिकी, एआइ एकीकरणप्रणाली, संचारजालम्, अन्तरसञ्चालनक्षमता च योगदानं करिष्यति। परन्तु एतस्याः साझेदारीयाः अभावेऽपि विमानस्य स्वायत्तनियन्त्रणव्यवस्थायाः विमानस्य च परिकल्पनायाः च बौद्धिकसम्पत्त्याः अधिकाराः केवलं भारतीयकम्पनी एफडब्ल्यूडीए इत्यस्य समीपे एव तिष्ठन्ति। एषा भारतस्य कृते महत्त्वपूर्णा सामरिकसाधना इति मन्यते, यतः एतेन भारतीयप्रौद्योगिकीनियन्त्रणस्य, स्वदेशीयाधिकारस्य च सुरक्षा सुनिश्चिता भवति। काल भैरव इति स्वायत्तयुद्धविमानरूपेण परिकल्पितम् अस्ति यत् मध्यमोच्चतायां दीर्घकालं यावत् उड्डयनं कर्तुं समर्थं भवति। अस्य युद्धक्षमता, तान्त्रिकविनिदेशाः च आधुनिकयुद्धस्य आवश्यकतानां पूर्तये अनुकूलिताः सन्ति। एतत् विमानं ३० घण्टाभ्यः अधिकं यावत् निरन्तरं कार्यं कर्तुं समर्थं भवति।

सेबी सीबीडीटी

## इत्यनेन सह निरन्तरं संवादं कृत्वा नियमानाम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

तदनन्तरं सेबी सीबीडीटी इत्यनेन सह निरन्तरं संवादं कृत्वा नियमानाम् सरलीकरणस्य उपक्रमं कृतवती। द्वयोः संस्थायोः मध्ये चचार्याः अनन्तरं सीबीडीटी इत्यनेन अधुना अनेकानि प्रमुखाणि स्पष्टीकरणानि जारीकृतानि, येन विदेशीयनिवेशकानां कृते महत्त्वपूर्णं राहतं प्राप्यते। नवीननिर्देशानुसारं 'अधिकृतहस्ताक्षरकर्तुः' नाम-यथा सामान्यावेदनप्रपत्रे अभिलेखितं-अधुना पैन-अनुप्रयोगस्य अन्तः प्रतिनिधिसम्बद्धसूचनायाः आवश्यकतां पूरयितुं पर्याप्तं गण्यते। अस्य कृते अतिरिक्तदस्तावेजानां आवश्यकता न भविष्यति।

सेबी इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् अधिकृतहस्ताक्षरकर्ता विदेशीय पोर्टफोलियो निवेशकस्य (एफपीआई) पक्षतः दस्तावेजेषु हस्ताक्षरं कर्तुं औपचारिकप्रक्रियाः च पूर्णं कर्तुं सशक्तः व्यक्तिः भवति। पूर्वं अस्मिन् विषये असंख्यानि अतिरिक्तप्रमाणपत्राणि दस्तावेजानि च अनुरोधितानि आसन्, येन प्रक्रिया दीर्घकालं यावत अभवत्। एतस्याः आवश्यकतायाः शिथिलीकरणेन अधुना निवेशकानां कृते आवेदनप्रक्रिया सरलीकृता अस्ति।

अपि च सम्पर्कविवरण सम्बद्धविनियमानाम् विषये अपि राहतं प्रदत्तम् अस्ति। यदि अधिकृतहस्ताक्षरकर्तुः सम्पर्कसूचना अनुपलब्धा भवति तर्हि एफपीआई इदानीं तस्य स्थाने स्वस्य सम्पर्कविवरणं दातुं शक्नुवन्ति। एषः परिवर्तनः विशेषतया तेषु प्रकरणेषु महत्त्वपूर्णः इति मन्यते यत्र अन्तर्राष्ट्रीयसंस्थागतसंरचनानां कारणात् प्रतिनिधिसम्बद्धा सूचना तत्क्षणं न प्राप्यते। अन्यस्मिन् प्रमुखे परिवर्तने सेबी, सीबीडीटी च उक्तवन्तः।

## अनन्तरं धार-समीपस्थेषु क्षेत्रेषु सुरक्षा-व्यवस्थाः कठिनाः कृताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

विषये विचारः कर्तुं शक्यते। परन्तु न्यायालयेन स्पष्टतया स्पष्टीकृतं यत् भोजशाला परिसरस्य अन्तः नमाज (प्रार्थना) अर्पणस्य अनुमतिः अधुना न दीयते। निर्णयस्य अनन्तरं धार-समीपस्थेषु क्षेत्रेषु सुरक्षा-व्यवस्थाः कठिनाः कृताः। प्रशासनेन भोजशाला परिसरस्य परितः अतिरिक्तपुलिसदलानि नियोजितानि। हिन्दुसङ्गठनानि अस्य निर्णयस्य स्वागतं कृतवन्तः, ऐतिहासिकविजयः इति प्रशंसितवन्तः, यदा तु मुस्लिमसङ्गठनानि निर्णयस्य सम्यक अध्ययनानन्तरं स्वस्य भाविकानूनीरणनीतिं निर्धारयिष्यन्ति इति अवदन् जैनसमुदायस्य केचन प्रतिनिधिः अपि...न्यायालयस्य अवलोकनस्य विषये असहमतिः प्रकटिता अस्ति। एषः निर्णयः महत्त्वपूर्णः इति मन्यते, विशेषतः यतोहि न्यायालयेन भोजशालाविवादसम्बद्धेषु त्रयेषु प्रमुखेषु दावेषु स्पष्टं वृत्तिः स्वीकृता अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : सुबह से ही काम पीछे पड़ा रहेगा। पैसों को लेकर चिंता थोड़ी कम होगी। घर में किसी बात पर बहस से बचना बेहतर रहेगा।

**वृषभ** : बिजनेस में पुराने संपर्क फायदा दे सकते हैं। परिवार में माहौल सामान्य रहेगा। सेहत पहले से बेहतर महसूस होगी।

**मिथुन** : मेहनत बेकार नहीं जाएगी। किसी दोस्त से अचानक बात हो सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं, सोच-समझकर पैसा खर्च करें।

**कर्क** : कोई पुरानी चिंता कम हो सकती है। बाहर का खाना खाने से बचें। शाम को आराम मिलेगा।

**सिंह** : कामकाज में दिन सामान्य रहेगा। पैसों के मामले में सावधानी रखें। परिवार का साथ मिलेगा तो मन शांत रहेगा।

**कन्या** : परिवार के लोगों से सलाह लेकर चलना बेहतर रहेगा। आज किसी भी तरह का लेन-देन करते समय सतर्क रहें।

**तुला** :छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा। बिजी कार्यक्रम और कठिन कार्यों के बावजूद, तुला राशि वाले उन्हें पूरा करने में सफल होंगे।

**वृश्चिक** : घर में खुशी का माहौल रहेगा। पैसों के मामले में दिन ठीक रहेगा। तनाव दूर करने के लिए पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं।

**धनु** : परिवार में किसी शुभ काम की चर्चा हो सकती है। मन खुश रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने वाली है।

**मकर** : घर में किसी बात को लेकर चिंता रह सकती है। सेहत का ध्यान रखें। आपकी करियर लाइफ थोड़ी गड़बड़ा सकती है।

**कुंभ** : परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। किसी जरूरी काम में सफलता मिलने के संकेत हैं।

**मीन** : सेहत का ध्यान रखें और आराम भी करें। सिंगल लोगों की मुलाकात किसी स्पेशल से हो सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 25 मई को वृषभ राशि के नक्षत्र में प्रवेश करेंगे सूर्यदेव, जानें सभी 12 राशियों पर इसका प्रभाव

सूर्यदेव 25 मई 2026, सोमवार को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर नक्षत्र परिवर्तन करते हुए रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। वे 8 जून तक इसी नक्षत्र में स्थित रहेंगे, जिसके बाद मृगशिरा नक्षत्र में गोचर करेंगे। यह खगोलीय परिवर्तन ज्योतिष के अनुसार काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इसका प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा। इस अवधि में कुछ राशियों के लिए यह समय विशेष रूप से शुभ संकेत लेकर आ सकता है, जिसमें नए अवसर और प्रगति के योग बनते दिखाई दे रहे हैं। आइए जानते हैं सभी 12 राशियों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

**मेष राशि-** सूर्य के इस नक्षत्र परिवर्तन से मेष राशि के जातकों के जीवन में ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होगा। लंबे समय से अटके हुए कार्यों में गति आएगी और करियर से जुड़ी नई संभावनाएं सामने आ सकती हैं। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम में पहचान और सराहना मिलने के योग बन रहे हैं। जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए भी यह समय सकारात्मक संकेत दे सकता है।

- **वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए यह समय आर्थिक दृष्टि से काफी अनुकूल माना जा रहा है। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और पहले किए गए निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों की सराहना होगी और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। परिवार में भी माहौल शांत और सहयोगपूर्ण रहेगा।
- **मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह गोचर विशेष रूप से शुभ साबित हो सकता है। मेहनत का पूरा फल मिलेगा और आय में वृद्धि के योग बनेंगे। व्यापारियों को नए सौदे और अवसर प्राप्त हो सकते हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपकी छवि मजबूत होगी।
- **कर्क राशि-** कर्क राशि के लिए यह समय संतुलन और समझदारी का रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी स्थिरता देखने को मिलेगी। आप अपने स्वास्थ्य और मानसिक शांति पर ध्यान देंगे, जिससे जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। धैर्य से लिए गए निर्णय लाभदायक सिद्ध होंगे।
- **सिंह राशि -** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय प्रगति और लाभ का संकेत दे रहा है। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे और व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। निवेश से जुड़े फैसले फायदेमंद हो सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आपकी नेतृत्व क्षमता निखरेगी।
- **कन्या राशि -** कन्या राशि वालों के लिए यह समय मेहनत और धैर्य का परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन उसके साथ सफलता भी मिलेगी। आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे मजबूत होगी और रुके हुए कार्य पूरे होने के योग बनेंगे।
- **तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए यह गोचर रचनात्मक और सामाजिक रूप से लाभकारी रहेगा। संबंधों में सुधार होगा और पुराने मतभेद समाप्त हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में स्थिरता आएगी और नए अवसर मिल सकते हैं। कला, मीडिया या क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा।
- **वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के लिए यह समय परिवर्तन और सुधार लेकर आएगा। रुके हुए कार्य आगे बढ़ेंगे और मानसिक तनाव में कमी आएगी। नए अवसर सामने आ सकते हैं, जिनका सही उपयोग करने से लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन में भी सुधार देखने को मिलेगा।
- **धनु राशि-** धनु राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक रूप से राहत देने वाला रहेगा। अटका हुआ धन वापस मिल सकता है और आय में वृद्धि के योग बनेंगे। यात्रा और नए संपर्कों से लाभ मिलने की संभावना है। सुख-सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।
- **मकर राशि-** मकर राशि के लिए यह समय मेहनत और जिम्मेदारी बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में दबाव जरूर रहेगा, लेकिन परिणाम सकारात्मक मिलेंगे। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा और करियर में स्थिरता आएगी। धैर्य से काम लेना लाभदायक रहेगा।
- **कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह गोचर भाग्यवृद्धि का संकेत दे रहा है। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पुराने प्रयासों का फल मिलने लगेगा और जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे।
- **मीन राशि-** मीन राशि के लिए यह समय अत्यंत शुभ माना जा रहा है। स्वास्थ्य में सुधार होगा, मानसिक शांति मिलेगी और पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी और कार्यक्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य समय से पहले पूरे हो सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### सड़क हादसे में घायल युवक की 12 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** संतुलन बिगड़ने पर सड़क हादसे का शिकार हुआ बाइक सवार शुभम पिता सुनील सोलंकी 32 साल निवासी कमल कालोनी गंभीर घायल हो गया था। जिसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। 12 दिन बाद मंगलवार सुबह शुभम की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया। एसआई जयदीपसिंह राठौर ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया। परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की विवेचना की जायेगी।

### जमीन नपती को लेकर 2 परिवारों के बीच विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम रामाबालोदा में जमीन नपती की बात को लेकर राजपूत परिवार के उमरावसिंह पिता माधुसिंह 70 साल और केसरसिंह पिता औंकारसिंह 38 साल के बीच विवाद हो गया। दोनों के खेत पास-पास है। विवाद में दोनों का परिवार भी शामिल हो गया। जिनके बीच गाली-गलौच और मारपीट के साथ मामला जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। मारपीट में एक पक्ष से उमराव और उसका पुत्र समंदरसिंह घायल हो गया। दूसरी और से केसरसिंह और भाई गजरावसिंह को चोंट लगी है। उन्हेल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

### घेराबंदी कर चार सट्टा खाईवालों को लिया हिरासत में

**उज्जैन।** नागदा क्षेत्र के दिनदयाल चौक, चेतनपुरा और सब्जी मंडी के पास कुछ दिनों से सट्टा खाईवाली होने की खबरे पुलिस को मिल नही थी। जिनकी धरपकड़ के लिये थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने टीम बनाई। दोपहर में प्रधान आरक्षक दीपक पाल, शर्मिष्ठा शुक्ला की टीम को धरपकड़ के लिये रवाना किया गया। जहां घेराबंदी कर सब्जी मंडी के पास से बालू पिता कचरू बागरी 55 साल, दिनदयाल चौक से रामानंद पिता रामनाथ 65 साल और मानसिंह पिता नंदाजी 60 साल को हिरासत में लिया गया। वहीं चेतनपुरा से रामू पिता मांगीलाल 40 साल को पकड़ा गया। चारों के पास से नगद रुपए और सट्टा अंक पर्ची के साथ लीड-पेन बरामद किये गये। चारों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4-क का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### घर में छुपाकर रखे थे 3.20 लाख के आभूषण बरामद

**उज्जैन।** आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर विनय जैन के सार्थक नगर स्थित मकान में 2 मई को चोरी की वारदात होना सामने आया था। जांच के दौरान नीलगंगा पुलिस को सीसीटीवी कैमरों में बाइक पर सवार 2 संदिग्ध दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान करने पर इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र के रहने वाले पिता-पुत्र हेमंत जैन और आदित्य जैन के रूप में हुई थी। दोनों बैंक मैनेजर के रिश्तेदार होना सामने आये थे। जिन्हे 14 दिन बाद गिरफ्तार किया गया था। चोरी में हेमंत की पत्नी भी शामिल पाई गई थी। उसे हिरासत में लेकर पुलिस ने 2.80 लाख रुपए के आभूषण और नगदी बरामद कर लिये थे। चोरी छह लाख से अधिक थी, तीनों को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां जेल भेज दिया गया था। एसआई वर्षा सोलंकी ने बताया कि शेष आभूषण बरामद करने के लिये हेमंत का सोमवार को प्रोटक्शन रिमांड जारी कराया गया। जिसे जेल से लाने के बाद शेष आभूषणों की बरामदगी के लिये एक टीम इंदौर लेकर गई। जहां घर में छुपाकर रखे गये 3.20 लाख कीमत के आभूषण और बरामद कर लिये गये। पिता-पुत्र ने कुछ नगद राशि खर्च कर दी थी, जिसकी बरामदगी नहीं हो पाई है। बावजूद चोरी की शत-प्रतिशत रिकवरी कर ली गई है। मंगलवार को हेमंत को न्यायालय में पेश कर दोबारा जेल भेज दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 234 | 256-3 |
| मेन बाजार | 169-6 | 167-4 |
| मिलन डे | 170-8 | 256-3 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 288-8 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 |

### बड़नगर मार्ग मुरलीपुरा में हुई हत्या का 12 घंटे में खुलासा

# लात मारने पर काका ने फावड़े से किया था हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर मार्ग मुरलीपुरा (मुल्लापुरा) में सोमवार शाम मवेशियों के बाड़े में खाट पर मिली युवक की खून से सनी लाश के मामले में 12 घंटे बाद पुलिस मामले मामले का खुलासा कर दिया। आरोपित मृतक का काका पुलिस की हिरासत में है, ताल मारने पर उसने भतीजे की हत्या कर दी थी।

महाकाल थाना क्षेत्र के मुरलीपुरा में सुभाष रायकवार के खेत पर मवेशियों के बाड़े में सोमवार शाम बाड़े में काम करने वाले मुकेश पिता कैलाश नायक 35 साल निवासी मुरलीपुरा की खाट पर खून से सनी लाश पड़ी मिली थी। हत्या का मामला होने पर थाना प्रभारी गगन बादल, एएसआई बलराम थिरोटा, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार, शैलेष योगी आरक्षक गोपाल, संजीवसिंह और लक्ष्यदीप घटनास्थल पहुंचे थे। जांच में पता चला कि मुकेश के साथ उसका काका मनोहर नायक भी काम करता था, जो घटनाक्रम सामने आने के





बाद से लापता है। पुलिस ने हत्या का संदेह काका पर जताते हुए तलाश शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। हत्या का प्रकरण दर्ज कर रात में काका को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ शुरू की गई तो उसने फावड़े से हमला कर हत्या करना स्वीकार कर लिया। मंगलवार सुबह गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त खून लगा फावड़ा बरामद किया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है, बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

#### चाय के पैसे लेकर हुआ था फरार

बताया जा रहा है कि बाड़े में बंधे मवेशियों को नहीं छोड़ा गया था, इसकी जानकारी मिलने पर खेत मालिक सुभाष रायकवार शाम को पहुंचा तो उसने मनोहर को बाहर घूमते देखा। पूछने पर मनोहर ने चाय पीने के रुपए मांगे और वहां से चला गया। सुभाष के बाड़े में जाते ही मुकेश की लाश पड़ी होना सामने आया था। सुभाष की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी।

#### शराब की बोतल और खाने पर मारी थी लात

हत्या का आरोपित सुभाष रायकवार के खेत पर हाली का काम करता था। वहीं मृतक मुकेश नायक बाड़े में काम करता था। दोनों शराब पीने के आदी थे और खाना खेत मालिक सुभाष के यहां से आता था। सोमवार दोपहर मुकेश खाना लेकर बाड़े में आया था। काका के साथ खाना खाया, इस दौरान मुकेश ने काका के खाने और शराब की बोतल में लात मार दी थी। उसके द्वारा काका को खसीटने का प्रयास भी किया था। इसी बात पर आक्रोशित होकर काका मनोहर ने बाड़े में पड़े फावड़े से सिर पर वार कर दिया था। मुकेश खाट पर गिर पड़ा था। हिरासत में आये आरोपित काका का कहना है कि भतीजा आये दिन परेशान करता था और काम भी नहीं करता था।

## हिरासत में आया नाबालिग का शोषण करने वाला युवक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पानबिहार चौकी क्षेत्र से ६ माह पहले लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने कुछ दिनों पहले उज्जैन से दस्तयाब किया था। मामले में सामने आया था कि उसे दीपक मालवीय शादी का झांसा देकर ले गया था और भोपाल-इंदौर में किराये के मकान रखा शारीरिक शोषण किया है। दीपक का सहयोग उसके छोटे भाई संदीप मालवीय और मामा सोनू द्वारा किया जा रहा था। पानबिहार चौकी पुलिस द्वारा नाबालिग के लापता होने पर दर्ज अपहरण के प्रकरण में दुष्कर्म की धारा बढ़ाकर सहयोगी रहे संदीप और सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुख्य आरोपी दीपक मालवीय फरार था, जिसकी लगातार तलाश जारी थी। सोमवार को दीपक भी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि मुख्य आरोपी को अपहरण और दुष्कर्म के मामले में न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। नाबालिग के पूर्व में दस्तयाब होने पर परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका था।

## रिमांड पर घायलों की बाइक चोरी करने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दुर्घटना में घायल 2 युवकों की बाइक चोरी करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। चोरी में शामिल दूसरे बदमाश की तलाश जारी है। गिरफ्त में आये बदमाश से चुराई गई बाइक बरामद कर ली गई है।

नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि ग्राम नरेडी फंटा खाचरौद में रहने वाले प्रहलाद पिता रमेश 22 साल और रमेश खारोल नरवर होते हुए 28 अप्रैल को इंदौर जा रहे थे। कचनारिया ब्रिज पर संतुलन बिगड़ने पर दोनों घायल हो गये थे। 108 एम्बुलेंस दोनों को उपचार के लिये अमलतास अस्पताल लेकर चली गई थी। बाइक घटनास्थल पर ही पड़ी थी। दोनों के परिजन अस्पताल पहुंचे थे, जहां से पता चला कि बाइक कचनारिया ब्रिज नरवर के पास पड़ी है। परिजन मौके पर पहुंचे तो बाइक गायब होना सामने आया था। दोनों घायलों की अस्पताल से छुट्टी होने पर प्रहलाद की शिकायत पर बाइक चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया था। मंगलवार सुबह सूचना मिली कि दुर्घटना में घायलों की चोरी हुई बाइक के



साथ एक युवक अमलतास अस्पताल के पास ब्रिज के नीचे खड़ा है। तत्काल पुलिस टीम को भेज दबिश दी गई और बाइक बरामद कर युवक को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर उसका नाम मोहित पिता जितेन्द्र 20 साल निवासी बड़ा बाजार थाना नाहर दरवाजा देवास हाल निवासी शांतिनगर ग्राम अमोना, थाना औद्योगिक क्षेत्र होना सामने आया। उसने बताया कि बाइक साथी जय के साथ मिलकर चोरी की थी। थाना प्रभारी के अनुसार चोरी की बाइक के साथ आरोपित के हिरासत में आने पर उसे मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ कर उसके फरार साथी की गिरफ्तारी के प्रयास करने के साथ अन्य वाहन चोरी के संबंध में पूछताछ जारी है।

### तलवार और डंडे लेकर छत के रास्ते से घर में घुसे

# बदमाशों ने दो किन्नरों पर हमलाकर लूटे 3.50 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उन्हेल के नईदिल्ली में सोमवार-मंगलवार रात मकान में घुसकर बदमाशों ने 2 किन्नरों पर हमला कर दिया। बदमाश 3.50 लाख रुपए और कुछ आभूषण भी ले गये। दोनों किन्नरों को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है।

चरक अस्पताल में भर्ती किन्नर कविता गुरू को गंभीर हालत में पहले उज्जैन लाया गया था। उसने बताया कि वह सेवक मिष्ठी के साथ रहती है। रात में



छत के रास्ते 3 बदमाश घर में घुसे थे। जिनके पास तलवार-डंडे थे। उन्होने अचानक हमला किया और घायल कर दिया। 2 बदमाशों ने उसे कमरे में बंद कर दिया था। सेवक मिष्ठी आई तो उसके साथ भी मारपीट की और घर में रखे 3.50 लाख रूपयों के साथ सोने-चांदी के कुछ आभूषण लेकर भाग निकले। कविता को उज्जैन लाने के बाद उन्हेल अस्पताल में भर्ती मिष्ठी को भी मंगलवार दोपहर उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। किन्नर कविता को गंभीर चोंट लगी थी। मामले में उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि उन्हे मारपीट की जानकारी मिली है। रुपए लूटकर ले जाने का मामला स्पष्ट नहीं हुआ है। अगर उनके द्वारा बताया जा रहा है कि जांच शुरू कर दी गई है। उन्हेल अस्पताल में भर्ती मिष्ठी और कविता के बयानों में घटना का समय अलग-अलग आ रहा है। एक का कहना था कि रात 10 बजे बदमाश आये थे। वहीं दूसरी ने रात 1 बजे बदमाशों के आने की बात कही है। जिस स्थान पर किन्नरों का मकान है, उसके आसपास अन्य मकान नहीं है, जिसके चलते घटना की स्पष्ट पुष्टि नहीं हो पाई है। फिलहाल एक टीम हमला करने वालों की तलाश में लगी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com